हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार, 31 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री




नेहरू नगर गणेश चौक स्थित महिला समृद्धि बाजार देख-रेख के अभाव में जर्जर हो रहा है।

# नए साल के स्वागत के लिए होटल, मॉल और रेस्टोरेंट सजकर तैयार, लाइव म्यूजिक के साथ बुफे, रात 12:30 के बाद सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

न्यायधानी में नए साल 2024 के स्वागत और जश्न को लेकर पूरी तैयारी हो चुकी है। प्रमुख होटल, मॉल और रेस्टोरेंट सजकर तैयार हैं। बिहार, महाराष्ट्र और बंगाल के डीजे की धुन पर कलाकार जमकर धमाल मचाएंगे। होटलों में लाइव म्यूजिक के साथ बुफे भी होगा। जिला प्रशासन के गाइडलाइन का पालन करते हुए नए साल का स्वागत होगा। नए साल के स्वागत में रात 12:30 तक पटाखे फोड़ सकेंगे। इसके बाद सख्ती की जाएगी। नियमित लाइसेंसी बार और रेस्टोरेंट के

- धार्मिक-पर्यटन स्थल व गार्डनों तैनात रहेंगे पुलिस के जवान, होगी कड़ी सुरक्षा
- लाइसेंसी बार और रेस्टोरेंट के अलावा 15 होटलों को वन डे लाइसेंस जारी

अलावा 15 होटलों ने वन डे लाइसेंस 31 दिसंबर की रात के लिए लिया है। आबकारी विभाग का भी मानना है कि 31 दिसंबर को एक दिन में 10 से 15 करोड़ रुपए से अधिक की शराब बिक्री होगी। न्यू ईयर पार्टी को लेकर जहां लोग अपनी तैयारियों में लगे हैं वहीं होटल, रेस्टोरेंट, रिसार्ट में इसकी अलग से व्यवस्था की जा रही है। दूसरी ओर पुलिस से लेकर प्रशासन तक ने सख्ती बरतने की तैयारी कर ली है। पुलिस ने कहा है कि अगर शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए पकड़े गए, तो गाड़ी वहीं जब्त की जाएगी। इतना ही नहीं, सादी वर्दी में पुलिस के जवान शहर भर में तैनात रहेंगे। आबकारी विभाग की मानें तो इस साल जिले में तकरीबन 10 करोड़ की शराब नए साल के जश्न में एक दिन में बिकेगी। वैसे औसतन ढाई से तीन करोड़ की शराब जिले में खप जाती है।

## होटलों में धमाकेदार रंगारंग कार्यक्रम

शहर के बड़े होटलों में नए साल के स्वागत की जबरदस्त तैयारी है। एंट्री फीस भी रखी गई है। बिना पास के प्रवेश नहीं मिलेगा। कोरोना गाइडलाइन का पालन अनिवार्य होगा। धमाकेदार और रंगारंग कार्यक्रम होंगे। होटलों में वर्ष 2023 की विदाई तथा नए गीतों के साथ कलाकार झूमने पर मजबूर करेंगे। डीजे नाईट के साथ मेहमानों के साथ बेहतरीन अनलिमिटेड वेज एवं नानवेज स्टाटर पैकेज भी है। बच्चों के साथ परिवार के लोग भी नए साल के जश्न में शामिल हो सकते हैं। युवाओं के साथ कपल्स के लिए विशेष व्यवस्था है। इसके अलावा शाकाहारी लजीज व्यंजन और पकवान मिलेंगे। टेबल पहले से बुक करनी होगी। नए साल में इस वर्ष केक को लेकर अधिक डिमांड नजर नहीं आ रही है। दुकानदारों का कहना है कि केक के आर्डर बहुत कम मिले हैं। पिछले साल की तुलना में 50 फीसदी ही है।

## जिले में बिकेगी 10 करोड़ से अधिक की शराब

आबकारी अधिकारी की मानें तो प्रदेश में सबसे ज्यादा शराब रायपुर में बिकने की उम्मीद है। रायपुर के बाद दूसरे स्थान पर दुर्ग तो तीसरे नंबर पर बिलासपुर में शराब बिक्री की संभावना है। आबकारी अधिकारियों के अनुसार जिले में कुल 70 शराब दुकानें हैं, जिसमें एक दिन में तीन करोड़ रुपए की शराब बिक्री होती है। 31 दिसंबर को करीब 10 करोड़ के शराब बिक्री होगी ऐसा अनुमान विभाग लगा रहा है। विभाग के मुताबिक प्रदेश में एक दिन में 20 से 25 करोड़ की शराब बिकती है। इस बार 31 दिसंबर की रात तकरीबन 40 करोड़ की शराब बिक्री की उम्मीद है। इसके लिए विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। विभाग की ओर से 15 होटल- रेस्टोरेंट को वन डे लाइसेंस दिया गया है।

### जश्न मनाने अनुमति की जरूरत

होटल, ढाबा, रेस्तरां, मैरिज पैलेस समेत कहीं भी नए साल के जश्न का आयोजन किया जा रहा है तो उन्हें प्रशासन से अनुमति लेने की जरूरत होगी। उन्हें संबंधित थानों और पुलिस को सूचना देनी होगी। कार्यक्रम स्थल पर निजी सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी कैमरा और फायर फाइटर जैसी सुरक्षा जरूरी है। इसके बिना कार्यक्रम आयोजित नहीं हो सकेंगे। गाइडलाइन के अनुसार रात 10 बजे के बाद भी कहीं भी डीजे या लाउडस्पीकर नहीं बजा सकेंगे।

### सफाई पर भी नगर निगम की नजर

नए साल के जश्न के लिए कहीं भी अवैध होर्डिंग, बैनर पोस्टर लगाकर शहर की सुंदरता खराब करने की कोशिश हुई तो नगर निगम सख्त कार्रवाई करेगा। निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत ने सभी जोन कमिश्नरों को निर्देश दिए हैं कि पार्टी या जश्न आदि के प्रचार के लिए कहीं भी अवैध होर्डिंग इत्यादि न लगाया जाए। इसकी निगरानी के लिए सभी जोनों में एक विशेष टीम बनाने कहा गया है।

## होटलों को लगाना होगा कैमरा

आबकारी विभाग के मुताबिक शराब पिलाने के लिए आवेदन मांगने वाले होटलों की संख्या बढ़ी है। इसके साथ ही प्रशासन ने होटलों को कैमरे लगाने की सख्त हिदायत दी गई है। कैमरे नहीं होने पर कार्रवाई होगी। व्यवस्था नहीं बिगड़े इसके लिए 31 दिसंबर की रात नए साल के जश्न के दौरान शहर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। रात 2 बजे तक ट्रैफिक पुलिस की टीम ब्रीद एनालाइजर से गाड़ी में आना-जाना करने वालों की जांच करेंगी। जो भी नशे में गाड़ी चलाते मिलेंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उनकी गाड़ी भी जब्त की जाएगी। बाद में उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। तीन सवारी, बिना नंबर की गाड़ियों पर सख्ती रहेगी। धार्मिक-पर्यटन स्थल व गार्डनों पर कड़ी सुरक्षा रहेगी। वहां फोर्स भी लगाया जाएगा। इस दौरान जो भी हुड़दंग करते मिले तो सीधे जेल भेजा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### रेल फ्लाईओवर पर स्पीड ट्रायल आज

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में बिलासपुर से उसलापुर स्टेशनों के बीच 10.4 किमी लंबी रेल फ़्लाईओवर (रेल के ऊपर रेल) का निर्माण किया जा रहा है। जिसके लिए इस नए विद्युतीकृत खंड पर 31 दिसंबर रविवार को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच रेलवे टीम के द्वारा आब्जर्वेशन कार एवं लाइट इंजन के साथ स्पीड ट्रायल किया जाएगा। इस दौरान बिलासपुर रेल प्रबंधक ने सुरक्षा और संरक्षा के लिए आम जनता से दोपहर 12 बजे से 2 बजे के बीच आवश्यक सावधानी बरतने की अनुरोध किया है। इसके साथ ही सावधान किया है कि वे रेलवे ट्रैक के आसपास ना आएं। साथ ही अपने मवेशियों को भी उनकी सुरक्षा के लिए रेलवे ट्रैक से दूर रखें।

### केंद्रीय क्षेत्रीय छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आज तक

**बिलासपुर।** केन्द्रीय क्षेत्रीय छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन 31 दिसंबर तक किए जा सकते हैं। बारहवीं पास कर कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए यह योजना है। इस योजना के तहत राज्य में 1387 छात्रों का कोटा है। इसी तरह ऐसे स्टूडेंट्स जो पहले से इस स्कॉलरशिप का लाभ ले रहे हैं, वे नवीनीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए भी ऑनलाइन आवेदन रविवार तक किए जा सकते हैं। जानकारी के मुताबिक यह स्कालरशिप मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से दी जाती है।

### छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ की संभागीय बैठक आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ की संभागीय बैठक राजेंद्र नगर नेहरू चौक स्थित शाउमा विद्यालय में 31 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से होगी। छग शिक्षक संघ बिलासपुर संभाग के संभागीय अध्यक्ष डा अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि बैठक में वर्ष भर में किए गए कार्यों का लेखा-जोखा, आगामी वर्ष में किए जाने वाले कार्यों की कार्य योजना, संभाग के शिक्षकों की समस्याओं का संग्रहण व निदान किए जाने के तरीके, फरवरी में किए जाने वाले संभागीय सम्मेलन की रूपरेखा पर चर्चा होगी। निर्वाचन की स्थिति सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा होगी।

### सविता स्मृति स्वरोगार फाउंडेशन में गोष्ठी आज

**बिलासपुर।** सविता स्मृति स्वरोगार फाउंडेशन संवेदना ज्ञान संरक्षण द्वारा 31 दिसंबर को शिक्षा में जीवन मूल्यों का समावेश विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष अनुपम सक्सेना हैं। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रितु पांडेय, शिक्षाविद शुभदा जोगलेकर, आकाशवाणी की सुप्रिया भारतीयन हैं। ये विचार गोष्ठी 31 दिसंबर को दोपहर 2.30 बजे से निसर्ग नीड ए- 11, आरके रेसीडेंसी तिफरा में होगी।

### बोर्ड परीक्षाओं में जिले से 53 हजार छात्र शामिल होंगे

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने की इस साल की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर टाइम टेबल जारी कर दिया है। इसमें 1 मार्च से 12वीं कक्षा की परीक्षाएं शुरू होंगी, जबकि 2 मार्च से 10वीं की परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं 23 मार्च तक पूरी हो जाएगी। इस बार 10 वीं में जिले से 23670 और 12वीं में 18839 छात्र शामिल होंगे। 433 स्कूलों की परीक्षा के लिए 131 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हालांकि सिलेबस अधूरा होने की बात कही जा रही है। पिछले एक साल से शिक्षकों के विधानसभा चुनाव समेत अन्य कार्यों में ड्यूटी लगने के कारण पढ़ाई प्रभावित रही है।


निरीक्षण के दौरान निर्देश देते सिम्स के डीन केके सहारे।

## नए साल के अवसर पर सिम्स में विशेषज्ञ डाक्टर देंगे ड्यूटी

सिम्स के डीन केके सहारे ने शनिवार शाम 6 बजे अस्पताल के मेल मेडिकल वार्ड, टीबी और एएनसी वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान मरीजों का हालचाल जाना और नर्स व डाक्टरों से मुलाकात कर समय पर दवा और भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। नए साल के मद्देनजर सिम्स में डाक्टरों के रोस्टर में बदलाव किया गया है। नव वर्ष पर एतिहात के तौर पर सिम्स अस्पताल में डॉक्टरों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। 31 दिसंबर और 1 जनवरी के लिए 8 वरिष्ठ डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। ये डॉक्टर इन दो दिनों में 24 घंटे ऑन कॉल ड्यूटी पर उपलब्ध रहेंगे। डीन केके सहारे ने बताया कि नए साल के स्वागत और जश्न में कई बार अनहोनी की आशंका बनी रहती है, ऐसे में अस्पताल प्रशासन अपनी जिम्मेदारियों के तहत एतिहात बरतता है। इस दौरान अस्पताल में अस्थिरोग विभाग के डॉ.संजय घिल्ले, सर्जरी विभाग के डॉ.राजेंद्र कुमार सिंह व डॉ. कोमल प्रसाद देवांगन, मेडिसिन विभाग के डॉ. विवेकानंद मिश्रा व डॉ अमित ठाकुर, स्त्री रोग विभाग के डॉ दीपिका सिंह व डॉ रचना जैन तथा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सलीम खलखो शामिल हैं। इस दौरान मरीज व परिजनों सिम्स अस्पताल के मोबाइल फोन 75874/85907 पर संपर्क कर सकेंगें।





## अमृत मिशनः तीन दिन में लीकेज ठीक नहीं कर पाए

**बिलासपुर।** अमृत मिशन योजना का ट्रायल शुक्रवार को किया गया। इस दौरान पुराने पुल के पास पाइप लाइन में लीकेज मिला। इस लीकेज की वजह से ब्रिटिशकालीन पुराने पुल का एप्रोच रोड धंस गया था। तीन दिन बाद भी ये लीकेज ठीक नहीं हो पाया है और एप्रोच रोड को खोदकर बड़ा सा गढ्ढा कर दिया गया है, जिससे यहां से गुजरने वाले लोगों को आने जाने में परेशानी होती है।

### संवारना था पुल को...

लगभग 100 साल तक अरपा के पुराने पुल से लोग गुजरते रहे। साल 2021 में इस पुल को बंद कर संवारने की योजना बनाई गई। योजना का पता नहीं पर इस पुल के ऊपर से अमृत मिशन का पाइप गुजरा और अब ये हालात हैं।

# आज निपटा लें यह काम नहीं तो होगा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बस एक दिन और वर्ष 2023 समाप्त हो जाएगा। नया साल 2024 शुरू हो जाएगा। रविवार 31 दिसंबर तक कुछ जरूरी काम निपटाने होंगे नहीं तो नुकसान उठाना पड़ सकता है। अगर संशोधित आईटीआर नहीं भरा, डीमैट और म्यूचुअल फंड का नामिनेशन 31 दिसंबर के पहले नहीं किया तो नुकसान उठाना पड़ेगा।

### लॉकर के लिए अब नया एग्रीमेंट

आरबीआई के अनुसार सेफ डिपाजिट लॉकर के नए नियमों के तहत उपभोक्ताओं को अपने बैंकों के साथ एक नए एग्रीमेंट पर साइन करना अनिवार्य होगा। उपभोक्ता लॉकर का उपयोग करने की अनुमति केवल तब तक है जब तक कि वे किराया चुकाते हैं। एग्रीमेंट की आखिरी तारीख 31 दिसंबर है।

### डीमैट और म्यूचुअल फंड का नामिनेशन जरूरी

सेबी ने डीमैट अकाउंट होल्डर्स के लिए नामिनेशन का आप्शन 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया है। 31 दिसंबर तक डीमैट अकाउंट तथा म्यूचुअल फंड वाले निवेशक नामिनेशन भर दें। अन्यथा उन्हें जनवरी में परेशानी उठानी पड़ेगी, विशेषकर पैसे क्लेम करते वक्त परेशानी होगी।

### सिम कार्ड के लिए पेपर बेस्ड केवाईसी नहीं

मोबाइल फोन उपभोक्ता नए साल से बिना कागजी फार्म भरे नए सिम प्राप्त कर सकेंगे। टेलीकाम डिपार्टमेंट की अधिसूचना के अनुसार पेपर बेस्ड नो योर कस्टमर (केवायसी) प्रोसेस शुरू हो जाएगा। यानी 31 दिसंबर तक ही फिजिकल फार्म के जरिए सिम ले सकते हैं।

### यूपीआई आईडी व नंबर्स होंगे एक्टिव

नेशनल पेमेंट्स कार्पोरेशन आफ इंडिया (एनपीसीआई) ने सात नवंबर के सकुर्लर में पेमेंट एप्स और बैंकों से कहा है कि वे उन यूपीआई आईडी और नंबर्स को एक्टिव करें, जो एक वर्ष से अधिक समय से एक्टिव नहीं हैं।

### संशोधित रिटर्न भरने आज अंतिम दिन

संशोधित रिटर्न जमा करने केवल 31 दिसंबर तक मौका है। इसके बाद आप संशोधित रिटर्न जमा नहीं कर पाएंगे। यह समय उन लोगों के लिए दिया गया है जो 31 जुलाई तक अपना रिटर्न नहीं जमा कर पाए या फिर रिटर्न में थोड़ी त्रुटि हुई हो।

## नाइट लैंडिंग व निर्माण में देरी का बहाना बना बचता रहा है एएआई

# मिले 17 लाख, फिर भी नहीं बना पीबीएन सिस्टम एप्रोच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा एयरपोर्ट को 3 सी आईएफआर से लैस करने में कई दिक्कतों को पार करना जरूरी है, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते इस काम में बेवजह देरी हो रही है। बताया जा रहा है एएआई द्वारा पीबीएन सिस्टम के तहत सर्वे कर फ्लाइट रूट के परिचालन की दिक्कतों का समाधान निकालना है, इस काम के लिए राज्य सरकार ने एएआई को 6 माह पहले 17 लाख रूपए दिया है, लेकिन अबतक एएआई ने इसका निर्धारण नहीं किया है, जबकि यह काम पहले ही पूरा किया जा सकता है।

- 3 सी आईएफआर में रूकावट नहीं हो रही है दूर

फ्लाइट की आवाजाही को बेहतर बनाने के लिए एएआई द्वारा समय-समय पर नेविगेशन सिस्टम को अपडेट किया जाता है, 3सी आईएफआर केटेगरी के एयरपोर्ट के लिए भी नेविगेशन तैयार किया जाना है, जिसके लिए एएआई के सर्वे और विजिटिंग की जरूरत पड़ती है। एएआई द्वारा रूट और एयरपोर्ट के स्टेशन से सामाजंस्य की रूपरेखा तैयार की जाती है, इसके लिए 17 लाख रूपए खर्च किया जाना है। एयरपोर्ट प्रबंधन और राज्य सरकार ने इसके लिए 6 माह पहले ही 17 लाख रूपए एएआई को दे दिया है, लेकिन एएआई इस काम में बेवजह देरी कर रहा है। खास बात यह है कि एएआई के अधिकारी व राज्य सरकार के उच्च अधिकारी इस काम में रूचि नहीं ले रहे है, वहीं एएआई नाइट लैंडिंग और निर्माण कार्य का बहाना बनाकर इस काम को करने से बच रहा है, जबकि यह कार्य वर्तमान में भी किया जा सकता है। उच्च अधिकारियों के दखल के बाद ही इस मामले में तेजी आ सकती है, लेकिन राज्य सरकार के अधिकारी इसके लिए उदासीन बने हुए हैं।



### क्या है पीबीएन एप्रोच

पीबीएन एप्रोज को प्रदर्शन आधारित नेविगेशन कहा जाता है, आधुनिक नेविगेशन अवधारणा है जो सटीक और कुशल विमान संचालन को बेहतर बनाता है। उपग्रह अधिकारी प्रोद्योगिकी का उपयोग किया जाता है, जिससे हवाई यातायात का प्रबंधन बेहतर और सटीकता के साथ किया जा सकता है। साथ ही इसमें विमान यातायात की क्षमता और सुरक्षा दोनों बढ़ती है। हाल के दिनों में कोहरे की कमी के चलते विमानन के लैंडिंग और टेकआफ में हो रही दिक्कतों को कम किया जा सकता है।

### किया गया पत्राचार

हमने पत्राचार किया है, प्रोसेस के तहत काम होता है। एएआई कब इस काम को पूरा करेगी यह हम नहीं बता सकते हैं। उच्च अधिकारियों को इसके बारे में अवगत कराया जाएगा।

- **एनबी सिंह,** डायरेक्टर बिलासा एयरपोर्ट


## मौसमी बीमारियों का प्रकोप

# बढ़े खांसी और सर्दी के मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मौसम में उतार चढ़ाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, इन दिनों सिम्स में मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। महज सर्दी और खांसी के साथ इंफेक्शन के मरीजों की ओपीडी 400 से अधिक हो रही है, डाक्टर इस दौरान एतिहात बरतने की नसीहत दे रहे हैं। वहीं गंभीर मरीजों को तत्काल कोरोना टेस्ट कराने की सलाह दी जा रही है।

शनिवार को छुट्टी का दिन होने के बाद भी मेडिसीन ओपीडी में जबरदस्त भीड़ रही। मेडिसीन ओपीडी ने में इन दिनों खांसी, वायरल इंफेक्शन और फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ चुकी है। डीन डा. केके सहारे ने बताया कि सिम्स के स्टोर में सभी तरह की बीमारियों की दवा उपलब्ध है।



### सिम्स में रोजाना 400 से अधिक की ओपीडी

### हटाए गए एम्बुलेंस

सिम्स के बाहर खड़ी होने वाली एम्बुलेंस पर प्रशासन का डंडा चला, इस दौरान सुबह से लेकर शाम तक पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी ने सड़क पर पेट्रोलिंग की और गुमटी, ठेले और एम्बुलेंस को हटाने का आदेश दिया है। बताया जा रहा है कि सिम्स में वीवीआई वीजिटिंग के बाद पुलिस ने एम्बुलेंस को हटाने की कार्रवाई की थी।


HAPPY NEW YEAR
2024
नववर्ष
की हार्दिक शुभकामनाएं...
THE BIGGEST VENTURE OF BALLE BALLE
balle balle
Restaurant & Banquet
मनोज पंडा
(संचालक)
TAMASHA
उत्सव
BANQUET HALL
56 Bhog
Roof Top Pure Veg Restaurant
Shamiana
BALL ROOM
• Rooftop Pure Veg Restaurant.
• Perfect Banquet Hall for all Event.
• Veg & Nonveg Separate Kitchen.
• Two Floor Parking Area.
• Four Party Organise at a Time.
Add.: MMIPL Complex, Tarbahar Road, Shiv Talkies Chowk, Bilaspur, Mob.: 9752104700

## खबर संक्षेप

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच विजेताओं को करेगा पुरस्कृत



**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छग की बैठक प्रदेश कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष बीके पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच के सुदेश दुबे साथी ने बताया कि मंच द्वारा लोखंडी में निर्माणाधीन आशीर्वाद भवन भगवान परशुराम मंदिर परिसर में श्रीराधा-कृष्ण प्रतियोगिता एवं क्रांतिवीर पं.चन्द्रशेखर आजाद निबंध प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाएगी। मंच द्वारा विजेता प्रतिभागियों को 14 जनवरी को सुबह साढ़े 10 बजे से पुरस्कार वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर प्रतिभागियों में काफी उत्साह है। मंच द्वारा छत्तीसगढ़ में निवासरत कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवारों की गणना की जाएगी। बैठक में रज्जन अग्निहोत्री, गोपाल तिवारी, आदित्य त्रिपाठी, बसँत बाजपेयी, राजेश पान्डेय, लक्ष्मीकांत दीक्षित, अमित तिवारी, रामशंकर शुक्ल, करूणा शँकर अवस्थी, संतोष मिश्र, संजय तिवारी, योगेश मिश्र आदि मौजूद थे।

### मंडल रेल परिवार के 25 सदस्य सेवानिवृत्त, समारोह में दी गई विदाई



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत 25 रेल परिवार के सदस्य दिसम्बर 2023 में अपनी गौरवशाली रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात सेवानिवृत्त हुए। मंडल कार्मिक सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को विदाई दी गई । इस अवसर पर सहायक कार्मिक अधिकारी आर शंकरन ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बंदोबस्त भुगतान से संबंधित समस्त दस्तावेज़, सेवा प्रशस्ति प्रमाण-पत्र एवं सेवा मैडल आदि प्रदान किया। मंडल के सेवानिवृत्त होने वाले 25 रेल परिवार के सदस्यों में परिचालन विभाग से 4, इंजीनियरिंग विभाग से 10, कार्मिक विभाग से 1, लेखा विभाग से 1, विद्युत विभाग से 6, चिकित्सा विभाग से 1, यांत्रिक विभाग से 1 तथा वाणिज्य विभाग से 1 कर्मचारी शामिल हैं।


### सीएम साय ने रायपुर में किया शहर के 3 मेधावी बच्चों का सम्मान



**बिलासपुर।** प्रदेश के सरस्वती शिशु मंदिरों के मेधावी एवं हाईस्कूल हायर सेकेंडरी की परीक्षा में मेरिटोरियस छात्र-छात्राओं का अलंकरण समारोह शनिवार को सरस्वती शिक्षा संस्थान मुख्यालय रोहणीपुरम में आयोजित किया गया। इसके मुख्य अतिथि सीएम विष्णुदेव साय और विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के महामंत्री अवनीश भटनागर ने शहर की तीन मेधावी प्रतिभाओं चंद्रकांत श्रीवास, केशव सूर्यवंशी, तेजस सोमावार को बोर्ड परीक्षा में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। मेधावी छात्र केशव सूर्यवंशी ने नैनो टेक्नोलॉजी पर पत्रवाचन में अमृतसर में सरस्वती शिशु मंदिरों की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। सीएम ने इन तीनों मेधावी बच्चों का सम्मान करते हुए उन्हें आने वाले भविष्य में इसी तरह लगन, समर्पण, परिश्रम के साथ पढ़ाई करते हुए अपने परिवार, देश, समाज और स्कूल का नाम रोशन करने की बात कही। शहर को मिली इस उपलब्धि पर बिलासपुर कोरबा संभाग के समन्वयक गेंदराम राजपूत ने हर्ष जताया।

### यश ने ढूंढा नदियों और जलाशय को प्रदूषण मुक्त करने का तरीका

**बिलासपुर।** प्राकृतिक रूप से दूषित नदियों और जलाशय को प्रदूषण मुक्त करने का नया तरीका 7 वीं कक्षा के एक छात्र ने ढूंढ निकाला है। नवोदय



विद्यालय मल्हार में पढ़ने वाले यश राज साहू ने अंडरस्टैंडिंग पोल्यूटिंग वेस्ट मटैरियल ऑफ़ वेडलर के एक नए प्रोजेक्ट को तैयार किया है, जिसका चयन 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में नेशनल लेवल पर किया गया है। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि 'स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र की समझ' शीर्षक पर आधारित 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की शुरुआत क्लस्टर लेवल पर 27 नवंबर से हुई। जिसमें नवोदय विद्यालय मल्हार में पढ़ने वाले 7 वीं के छात्र यश राज साहू सहित दो अन्य छात्रों का अलग अलग प्रॉजेक्ट को लेकर चयन हुआ था। छात्र यश राज साहू द्वारा प्रस्तुत जल प्रदूषण के प्रबंधन को देख सभी अचंभित रह गए। इसी बीच आयोजन समिति ने नेशनल में सिलेक्शन के लिए 18 दिसंबर को ऑनलाइन प्रजेंटेशन यश राज साहू द्वारा दिया गया। जिसके बाद भोपाल रीजन के अंतर्गत आने वाले नवोदय विद्यालय मल्हार में पढ़ने वाले यश राज साहू के प्रॉजेक्ट का चयन नेशनल के लिए कर लिया गया है।

गणपति हवन कर बांटा प्रसाद, श्रद्धालु भक्तों ने रखा व्रत

# संकटी चतुर्थी पर गणेश मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भक्तों ने किया अभिषेक

**बिलासपुर।** संकष्टी चतुर्थी पर शनिवार को सरकंडा, रेलवे स्थित गणेश मंदिर एवं तिलकनगर राम मंदिर में सिद्धि विनायक गणेश भगवान की विशेष पूजा अर्चना कर अभिषेक किया गया। इसके बाद गणपति हवन कर प्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालु भक्तों ने व्रत भी रखा। प्रदेश व समाज के कल्याण के लिए कामना की।

#### राम मंदिर में विघ्न विनाशक का विशेष श्रृंगार



तिलकनगर स्थित राम मंदिर में चतुर्थी पर विघ्न विनाशक का विशेष श्रृंगार हुआ। इसके बाद पं. मधूसूदन अड़वे के सानिध्य में दूध, दही, जल से अभिषेक कर विधि-विधान से पूजा की गई। शाम को महाआरती कर मोदक, नारियल, खड़ी शक्कर, मूंगफली का प्रसाद वितरण किया गया। महाआरती के समय श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ रही।

#### रेलवे सुमुख गणेश मंदिर में महाआरती

रेलवे स्थित श्री सुमुख गणेश मंदिर में पुजारी एमके रमणी एवं रमेश कुमार के सानिध्य में संकष्टी चतुर्थी पर शनिवार को सुबह गणपति हवन कर भगवान गणेश का दूध, दही, चंदन, शहद, नारियल पानी पंचामृत से अभिषेक कर महाआरती की गई। शाम को संध्या अभिषेक के साथ सिद्धि विनायक गणेश भगवान की विशेष पूजा की गई। मंदिर समिति के सचिव बी कृष्ण कुमार एवं सहायक सचिव अनंत रमण ने बताया कि वैसे तो मंदिर में हर दिन भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा की जाती है, पर संकष्टी चतुर्थी पर गणेश पूजा की महत्ता बढ़ जाती है। इस तिथि पर भगवान का फूलों से विशेष श्रृंगार कर पूजा की जाती है। इस पूजा को लेकर श्रद्धालु भक्तों में भी भारी आस्था है।

व्यंकटेश मंदिर में गोदांबा महोत्सव

# 29वें दिन भगवान रंगनाथ और देवी गोदांबा का धूमधाम से होगा विवाह



**बिलासपुर।** सदर बाजार स्थित व्यंकटेश मंदिर में गोदांबा महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिर में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ भजन-कीर्तन चल रहा है। महोत्सव के 15 वें दिन शनिवार को भी भगवान रंगनाथ व गोदांबा की विशेष पूजा-अर्चना की गई। महोत्सव के 29 वें दिन भगवान रंगनाथ और देवी गोदांबा का धूमधाम से विवाह किया जाएगा। गोदांबा उत्सव 14 जनवरी मकर संक्रांति को पूर्ण होगा। मंदिर के आचार्य श्री प्रपन्नाचार्य ने बताया कि कुमारी गोदा ने भगवान के साथ विवाह का निश्चय कर उन्हें पति स्वरूप में प्राप्त करने के लिए ब्रज गोपियों की तरह धनु की संक्रांति से मकर की संक्रांति तक धनुर्मास व्रत एक माह तक किया। इसके प्रताप से उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को पति स्वरूप में प्राप्त किया। श्रवण मास पूर्व फाल्गुन नक्षत्र में प्रातः पाण्ड्य द्रविड़ देश में तुलसी वन में विश्व का भरण-पोषण करने वाली राधाजी गोदांबा नाम से प्रकट हुईं। उनकी एक मास तक विशेष उपासना मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष दशमी से की जाती है। दक्षिण देश के बिल्लीपुत्तुर नगर में संत विष्णुचित आल्वार भगवान की फूल व तुलसी सेवा करते थे। एक दिन जब तुलसी के बगीचे की सेवा कर रहे थे तो उन्हें पृथ्वी से अनुपम रूपवती कन्या प्राप्त हुई।

### लक्ष्मीनारायण मंदिर में सुंदर कांड पाठ आज

सिम्स चौक स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर रविवार 31 दिसंबर को पं. निखिल तिवारी एवं पं. संकल्प शुक्ला के सानिध्य में संगीतमयी सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। श्रद्धालु भक्तों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया गया है।

# साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता है साहू समाज में, ये राज्य की तरक्की के लिए जरूरी



साहू समाज के युवक युवती परिचय सम्मेलन में दीप प्रज्जवलित करते डिप्टी सीएम अरुण साव।



कार्यक्रम में विधायक सुशांत शुक्ला, नगर निगम उप नेता प्रतिपक्ष राजेश सिंह शामिल हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने शनिवार को सिम्स ऑडिटोरियम में साहू समाज की विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन में बिलासपुर सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में युवक-युवतियां अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे। समाज द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप भी आयोजित किया गया। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला भी इस अवसर पर मौजूद थे। श्री साव के राज्य का उप मुख्यमंत्री के रूप में महती जवाबदारी मिलने पर उनका जिला साहू समाज की ओर से सम्मान किया गया। श्री साव ने सम्मान से अभिभूत होकर कहा की मेहनत और ईमानदारी साहू समाज की पहचान है। जिसके कारण समाज आज हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। ये विशेषता समाज में आगे भी बने रहना चाहिए। साथ ही अन्य समाज को साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता साहू समाज में निहित है। राज्य की तरक्की और बेहतरी के लिए ये गुण जरूरी है। उन्होंने गांव के छोटे से कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी देने के लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री बनने के बाद भी श्री साव जैसे आत्मीयता और प्यार बनाए रखने का अनुरोध किया। कार्यक्रम का आयोजन जिला साहू संघ एवं नगर साहू संघ द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला साहू संघ के अध्यक्ष तिलक राम साहू, नगर अध्यक्ष पवन साहू , विवाह योग्य युवक युवतियां, अभिभावक सहित साहू समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सिम्स में प्रदेश की पहली ऑर्थोमोर्फिक सर्जरी

**बिलासपुर।** संभाग के सबसे बड़े अस्पताल सिम्स ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सिम्स के दंतरोग विभाग के डॉक्टरों द्वारा प्रदेश का पहला ऑर्थोमोर्फिक सर्जरी की गई।

- आपरेशन में लगे 9 घंटे और 12 डाक्टरों की टीम

आर्थोमोफिक सर्जरी में सिम्स के डाक्टरों ने नया माइलस्टोन बनाया है। डीन डॉ केके सहारे ने बताया कि बिल्हा ब्लॉक के दुर्जनपुर निवासी 22 वर्षीय मरीज (कविता बदला हुआ नाम) के बचपन में 12 साल के पश्चात बांया तरफ का जबड़े का विकास नहीं हो रहा था। नीचे और उपर का जबड़ा टेढ़ा हो चुका था, जिसके चलते दांतों का विन्यास भी बिगड़ गया था। चेहरा असंतुलित होने के कारण उसे हीनभावना परेशान करती थी, युवती को जानकारी मिली थी कि सिम्स के दंतरोग विभाग द्वारा टेढ़े जबड़ो का सफलतम ऑपरेशन किया जाता है। जिसके बाद सिम्स में इलाज करने भर्ती कराई गई, आवश्यक जांच एवं एक्सरे, चेहरे का 3डी सीटी स्केन करने के बाद डाक्टरों ने पाया कि युवती का बांई ओर का जबड़ा ऊपर और नीचे का जबड़ा और ठुड्डी अविकसित है। डाक्टरों ने जाना कि युवती टीएमजे एंकीलोसिस से पीड़ित है। डाक्टरों ने बहुस्तरीय डिस्ट्रेक्शन ऑस्टियोजेनेसिस की योजना बनाई। आधुनिक तकनीक द्वारा चेहरे का 3डी प्रिंटिंग मॉडल बनाकर 1-2 घंटे का ऑपरेशन कर ऊपरी और निचले जबड़े में इंट्रा ओरल डिस्ट्रेक्टर नामक डिवाईस लगाकर प्रथम चरण का ऑपरेशन जून 2023 में किया गया। पांच महीने के बाद पुनः दूसरे चरण ऑपरेशन इसी माह किया गया।।

#### इन का रहा योगदान

ऑपरेशन को सफल बनाने में दंतरोग विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप प्रकाश (ओरल एण्ड मेक्सिलोफेसियल सर्जन) और डॉ जंडेल सिंह ठाकुर, डॉ भूपेंद्र कश्यप, डॉ. हेमलता राजमणी, डॉ. प्रकाश खरे, डॉ. सोनल पटेल, तथा अन्य स्टाफ सिस्टर ग्रेसी लैब अटेंडर उमेश साहू वार्ड बॉय ओमकार नाथ यादव तथा विभागाध्यक्ष निश्चेतना डॉ. राकेश निगम योगदान रहा।

# कर्मचारी संघ के कैलेंडर का मंत्री बृजमोहन ने किया विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की प्रांतीय प्रबंध एवं महासमिति की बैठक 30 दिसंबर को कलेक्टोरेट परिसर में हुई। इसमें मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने संघ के कैलेंडर का विमोचन किया।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष जीआर चंद्रा ने बताया कि संघ के प्रांतीय महासमिति की बैठक में वार्षिक एवं आजीवन सदस्यता, जिलों के जिलाध्यक्षों के निवार्चन के संबध में चर्चा की गई। इस दौरान संघ ने आहवान किया कि जिला जांजगीर में 25 फरवरी को आम सभा होगी। बैठक में शासन द्वारा लंबित 4% महंगाई भत्ता, 300 दिन का अर्जित अवकाश नगदीकरण एवं विभिन्न संवर्गो के कर्मचारियों की वेतन विसंगति, पदोन्नती तथा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का कार्यभारित-नियमित स्थापना के रिक्त पदों पर नियमितिकरण करने की मांग को लेकर 16 जनवरी को कलेक्टर के माध्यम से मुख्य मंत्री को आग्रह ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। बैठक में संघ के पीआर यादव, उमेश मुदलियार, नरेश वाढेर रामचंद्र तांडी, अवधेश शुक्ला, रामकुमार यादव, नारायण बाघ, संजय शर्मा, विमलचंद्र कुन्डू, प्रतिभा श्रीवास्तव, मतीना बंजारे, कृष्ण कुमार वर्मा, बिन्दु भास्कर, पीताम्बर पटेल, अर्जुन लाल, संजय झरबडे, अर्जन लाल देवांगन, शाहिल मुदलियार, शुभम भट्ट, गजेन्द्र सागर आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में जल संसाधन विभाग के प्रांतीय संयोजक मनोज कुमार सोना, कुलेश्वर साहू, रोहित साहू, वंदना फोफसे आदि ने मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को नियमितिकरण के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

# स्कूलों में 50 प्रतिशत कोर्स नहीं हो पाया पूरा, 1 मार्च से होगी बोर्ड परीक्षा

**बिलासपुर।** चुनावी वर्ष होने के कारण जिले के स्कूल कोर्स से पिछड़ गए हैं। शिक्षकों की चुनावी ड्यूटी व छुट्टियों के चलते अब तक 50 प्रतिशत भी पढ़ाई नहीं हो पाई है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10 वीं व 12 वीं बोर्ड परीक्षा की समय सारणी भी जारी कर दी है। 12 वीं की 1 और 10 वीं की परीक्षा 2 मार्च से शुरु होगी। ऐसे में अब शिक्षा विभाग ने अधूरो कोर्स को पूरा कराने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू ने प्राचार्यों व शिक्षकों की बैठक लेकिन स्पष्ट निर्देश दिए है कि पढ़ाई को लेकर कोताही न बरती जाए। बोर्ड परीक्षा से पहले बचे हुए कोर्स को कंप्लीट कराए। एक्स्ट्रा क्लॉस का आयोजन हो हर हाल में परीक्षा से पहले 100 प्रतिशत पढ़ाई पूरी करा ली जाए ताकि बोर्ड परीक्षा में जिले का प्रदर्शन बेहतर हो।

- डीईओ ने प्राचार्य और शिक्षकों की ली बैठक, बोर्ड परीक्षा से पहले कोर्स कंप्लीट कराने के निर्देश

#### एग्जाम की चिंता



#### पिछले साल 10 में 8853 व 12 वीं में 7346 बच्चे हुए फेल

जिले में पिछले साल एक भी बच्चा 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा में टॉप टेन लिस्ट में नहीं आए थे। इसके अलावा जिले में बोर्ड परीक्षा का परिणाम भी खराब आया। 10 में 23 हजार 10 बच्चों में 14 हजार 105 बच्चे पास और 8853 फेल हुए थे। इसके अलावा 1615 बच्चे पूरक आए थे। इसी तरह 12 वीं में 23 हजार 157 बच्चे शामिल हुए 15 हजार 786 पास और 7 हजार 346 फेल व 1401 परीक्षार्थी पूरक आए थे।

### एयू में ऑनलाइन मुख्य परीक्षा के लिए फार्म भराना शुरू

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी की मुख्य परीक्षा 2023-24 के लिए ऑनलाइन परीक्षा फार्म भराना शनिवार से शुरू हो गया है। रेगुलर के साथ ही निजी स्नातक व स्नातकोत्तर सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के परीक्षा फार्म के लिए यूनिवर्सिटी ने शनिवार को अपना पोर्टल ओपन कर दिया है। इसके अलावा पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों को परीक्षा फार्म भरने अलग से अनुमति दी जाएगी। अटल यूनिवर्सिटी के समस्त स्नातक प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर पूर्व व अंतिम के रेगुलर एवं प्राइवेट के रूप में मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं से आज से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, परीक्षा फार्म भराने की शुरूआत हो गई है। आनलाइन रजिस्ट्रेशन, परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 18 जनवरी तक निर्धारित की गई है, उसके बाद 200 रुपए विलंब शुल्क के साथ 28 जनवरी तक फार्म भरने अवसर दिया जाएगा। आनलाइन रजिस्ट्रेशन, परीक्षा फार्म की हार्डकापी, शुल्क भुगतान की रसीद एवं सभी अनिवार्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति 31 जनवरी तक कालेजों में जमा करना है।

राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

# महासमुंद की ठोस शुरुआत, पहले दिन बनाए 373 रन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच शनिवार को राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में महासमुंद बनाम कोरिया के बीच प्रारंभ हुआ । कोरिया के कप्तान अमित कुमार यादव ने टॉस जीतकर महासमुंद को पहले बल्लेबाजी करने आमंत्रित किया ।महासमुंद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ठोस शुरुआत की और पहले दिन का खेल खत्म होने तक 9 विकेट खोकर 90 ओवर में 373 बना लिए हैं। महासमुंद की ओर से पहले विकेट के लिए कृतेश और शोभित के 51 रनों की साझेदारी की। इसके बाद तीसरे विकेट के लिए तुषार चंद्राकार और अनुराग साहू के बीच 80 रनों की साझेदारी हुई। पांचवें विकेट के लिए अनुराग साहू और नमन ध्रुव ने 59 रनों की साझेदारी की।

महासमुंद की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अनुराग साहू ने सबसे अधिक 81 रन बनाए। वहीं कप्तान तुषार चंद्राकर ने 60 रन और हमीद राजा नाबाद 56 रनों पर खेल रहे हैं। कोरिया की ओर से गेंदबाजी करते हुए कप्तान अमित कुमार यादव ने 4 विकेट आकाश शर्मा और अभिषेक वढेरा ने दो-दो विकेट एवं विपुल बारिक ने एक विकेट प्राप्त किया । आज के मैच के निर्णायक रिषभ सोनी और अभिनव शर्मा थे। स्कोरर महेश दत्त मिश्रा, ऑब्जर्वर राजेश शुक्ला थे। उक्त जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने दी।



सिक्का उछालकर टॉस कराते दोनों टीम के कप्तान।

बिजनेस प्लस


### 'जीतो ढोल बजाकर' ईशा ने जीता अल्टो, अंकुर ने हीरो बाइक, शोभराज मोपेड



**बिलासपुर।** न्यू जनरेशन फेमिली स्टोर के "जीतो ढोल बजाकर" का बम्पर ड्रॉ 30 दिसंबर को निकाला गया। ग्राहकों ने कार, इलेक्ट्रिक स्कूटर व बाइक उपहार में जीता। इन विजेताओं को अतिथियों ने सम्मानित किया। न्यू जनरेशन फेमिली स्टोर बिलासपुर के स्थानीय संचालक ने बताया कि इस संस्थान द्वारा अपने ग्राहकों के लिए "जीतो ढोल बजाकर" भव्य ऑफर शुरू किया गया है। इसमें मात्र 3 हजार रुपए की खरीदी पर ग्राहकों को लकी ड्रॉ के द्वारा लाखों रुपए का गिफ्ट जीतने का मौका दिया गया। उन्होंने बताया कि 24 सितम्बर को हुए पहले ड्रा के साथ ही यहां हर सप्ताह, लक्की ड्रा से ग्राहकों को उपहार दिए जाते रहे हैं। अब तक कुल 14 लकी ड्रॉ हो चुके हैं। 30 दिसम्बर को बिलासपुर में सम्पन्न हुए बम्पर ड्रा में आल्टो कार की भाग्यशाली विजेता ईशा सराफ (2181) रही। हीरो बाइक अंकुर तिवारी (5187) इलेक्ट्रिक बाइक (मोपेड) शोभराज (10302 को मिला। विजेताओं को विशिष्ट अतिथि डॉ. किरनपाल सिंग चावला, डॉ. प्रतिभा माखीजा, पायल लाठ ने उपहार दिए। इसमें कार्यक्रम का लाइव प्रसारण इंस्टाग्राम में दिखया जाएगा। संचालक ने बताया कि फिल ग्रुप टावर सीएमडी चौक में न्यू जनरेशन शोरूम में मेन-वुमेन व किड्स के विशाल रेंज उपलब्ध हैं। त्यौहार व शादी ब्याह पर खरीददारी करने वाले ग्राहकों के लिए इंटरनेशनल व नेशनल ब्रांड्स के प्रतिष्ठित रेंज शामिल हैं। न्यू जनरेशन के भव्य शोरूम की खास बात यह है कि यहाँ वेडिंग कलेक्शन की खरीददारी के लिए आने वाले ग्राहकों के लिए, एयरकंडीशन लाउंज बनाया गया है, जिसमें पूरी फेमिली बीआईपी फील के साथ खरीददारी का आनंद उठा सकती है। वेडिंग रेंज में ग्राहकों के लिए सगाई से विदाई तक की पूरी रेंज रखी गई है। न्यू जनरेशन स्टोर की शुरूआत परमानंद बजाज ने 2 दशक पूर्व की थी, जिसे वे अपने दो पुत्र लक्ष्मण व रोहित बजाज के साथ संचालित कर रहे हैं। बिलासपुर में न्यू जनरेशन फेमिली स्टोर यहां नव वर्ष व विवाह की खरीददारी करने वाले बिलासपुरवासियों के लिए शानदार विकल्प है। एक छत के नीचे मिल रहे हैं न्यू जनरेशन स्टोर, रायपुर के पिछले 20 वर्षों से एक श्रेष्ठ कार्य संस्कृति व अनुशासन के साथ व्यापार करने के लिए प्रतिष्ठा प्राप्त है।

### चन्द्र टीवीएस का महालोन व एक्सचेंज मेला आज से, महामेला 2 को

**बिलासपुर।** चन्द्र टीवीएस द्वारा सीएमडी चौक स्थित लायंस भवन में 3 दिवसीय महालोन व एक्सचेंज मेला का शुभारंभ रविवार को किया जाएगा। इसके संचालक ने बताया कि चंद्र टीवीएस अपने ग्राहकों की सुविधा के लिए तीन दिवसीय महालोन व एक्सचेंज मेला प्रारंभ करने वाला है। यह महामेला 2 जनवरी तक चलेगा। मेला के दौरान न्यूनतम ब्याज दर पर टीवीएस क्रेडिट से फायनेंस किया जा रहा है। अपने पुराने दुपहिया वाहनों को एक्सचेंज कराने पर 3 हजार रुपए बोनस दिया जा रहा है। फायनेंस खरीदी पर 10 लीटर पेट्रोल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन दिनों




जुपिटर स्कूटर 125 सीसी की रेड मोटर सायकल की अच्छी मांग है। बेहतरीन माइलेज के साथ सबसे किफायती मोटर सायकल स्पोर्ट भी खूब पसंद आ रही है। जनवरी से लगभग 1 हजार रुपए मूल्य वृद्धि होने वाली है।

## खबर संक्षेप

### मंगला में क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ

**बोदरी।** ग्राम पंचायत मंगला में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए मंडल अध्यक्ष भाजपा बिल्हा सोमेश तिवारी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष भोलाराम साहू, उप सरपंच प्रतिनिधि जंतराम कैवर्त्त, जोहीत राम साहू, जीएमआरए राम पटेल, पूर्व सरपंच नरोत्तम यादव, जितेंद्र पटेल उत्तरा साहू बिहारी लाल पटेल गोपाल श्रीवास रवि कैवर्त मनीष नीलांबर पटेल व बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### शिक्षक दंपती को दी गई विदाई

**तखतपुर।** ग्राम पंचायत ठाकुरकापा में शिक्षक स्वाति कश्यप और रामेश्वर प्रसाद कश्यप के प्रमोशन पर विदाई दी गई। शासकीय प्राथमिक शाला ठाकुरकापा पदस्थ स्वाति कश्यप एवम रामेश्वर कश्यप के प्रमोशन पर शाला परिवार द्वारा विदाई सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया।ग्राम ठाकुरकपा के समस्त ग्रामवासी पूर्व सरपंच शाला विकास प्रबंधन समिति पालक समिति की उपस्थिति में शिक्षक दम्पती का सम्मान किया। इस अवसर पर उत्तरा कश्यप, भीखम सिंह नेताम, शत्रुघ्न सिरसो, कौशिल्या साहू, रामलाल साहू, सुरेन्द्र कश्यप, विजय साहू, भोला साहू, प्रह्लाद कश्यप, बेदिन साहू, उर्मिला कश्यप, शिवरतन ध्रुव, गणपत ध्रुव, दौलत,रघुबर कश्यप सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### नए वर्ष के स्वागत के लिए तखतपुर तैयार

**तखतपुर।** नए वर्ष के जश्न के लिए तखतपुर को विशेष रूप से आयोजनों के माध्यम से सजाया जा रहा है। डांस प्रोग्राम के साथ व्यवसायीक रूप से भी केक और सजावट के समान आफर के साथ बिक रहे हैं। नगर में अनेक स्थान पर स्टाल लगाकर नववर्ष की स्वागत के लिए व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा लोगों में उत्साह का माहौल पैदा कर रही है। नगर के कालोनीयों में भी नववर्ष के स्वागत के लिए डीजे और सांस्कृतिक प्रोग्राम आयोजित कर उत्सव मनाया जाएगा। एकता भवन में विशेष प्रोग्राम के लिए संजीत नथानियल ने बताया कि नए साल का जश्न युवाओं की टीम द्वारा विशेष रूप से मनाया जाएगा। युवाओं के द्वारा भी अलग अलग स्थान पर जश्न की तैयारी की गई है। जबकि कुछ युवाओं ने पिकनीक में जाने के लिए तैयारी की हुई है। धार्मिक स्थलों को भी श्रद्धालूओं के लिए विशेष रूप से सजाया जा रहा है। नववर्ष की सुबह से ही मंदिरों में भीड़ रहती है जिसके चलते विशेष तैयारियां की गई है।

### मिलन को सूर्यांश साहित्य गौरव सम्मान

**मल्हार।** जांजगीर चाम्पा जिले के सिवनी नैला में आयोजित सूर्यांश महोत्सव के अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में नगर के युवा कवि मिलन मलरिहा को सूर्यांश साहित्य गौरव से सम्मानित किया गया। सम्मेलन में देश के महानतम कवियों व साहित्कारों ने शिरकत की। सम्मेलन में मस्तूरी विधायक एवं लोक गायक दिलीप लहरिया भी शामिल हुए। अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए काव्य पाठ किया और छत्तीसगढ़ी संस्कृति की विशेषताओं को अपने गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया। अंतर्राष्ट्रीय सूर्यांश शिक्षा महा महोत्सव के अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी कवियों को "सूर्यांश साहित्य गौरव सम्मान-2023" से विधायक दिलीप लहरिया के हाथों सम्मानित कराया गया।

### कामगारों की पदोन्नति के लिए प्रयास

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट में काम करने वाले कामगारों की पदोन्नति के लिए एसईकेएमसी जोरदार प्रयास कर रहा है। आईआर बैठक में इस मामले को जोर शोर उठाया गया। छंद राम राठौर जीवराखन चंद्रा अनिल राठौर, शिशु पाल केंवट, राम कुमार चंद्रा, दशरत साहू, सहदेव जाटवर ने कहा कि अनेको कर्मचारी पदोन्नति की राह देख रहे हैं। समय पर पदोनन्ति नहीं होने से किनके वेतन पर असर पड़ता है। इसी तरह मोटर साइकिल व साइकल स्टैंड को व्यवस्थित करने की मांग की गई।

# पशु संवर्धन केन्द्र को उद्घाटन का इंतजार, अब तक नहीं मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पशुधन विकास विभाग द्वारा जल्द ही गौ वंशों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रजनन क्षेत्र की शुरूआत की जा रही है, इसके लिए 12 एकड़ जमीन पर पशु संवर्धन केन्द्र तैयार किया गया है, जहां देशी नस्ल के गौवंश साइवाल के संरक्षण और संवर्धन के माध्यम से छत्तीसगढ़ में गौवंश को बढ़ावा देने का कार्य किया जाएगा, इसके लिए निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, संचालक स्तर से अनुमति मिलने के बाद इसे शुरू किया जा सकेगा।

**खास बात**

- 350 गौ वंशों की हो सकेगी

पशु विभाग द्वारा जल्द ही नवाचार को बढ़ावा देते हुए गौ वंश की प्रजनन और संवर्धन का कार्य शुरू किया जा रहा है, यह कार्य पिछले 5 सालों से बंद है। दरअसल कोनी स्थित संवर्धन क्षेत्र के पेंड्रा जिले में स्थानतरंण के बाद इस कार्य में कई तरह की परेशानी होती रही, जिसके बाद विभाग ने नए सिरे से संवर्धन क्षेत्र की स्थापना की है, यह एरिया करीब बैमा नगोई के 57 एकड़ क्षेत्र पर फैला है लेकिन फिलहाल 12 एकड़ जमीन पर 350 गौ वंशों को रखने के लिए गौठान बनाया गया है, जिसमें चारा गौदाम, विभागीय कार्यालय, पानी की टंकी और बाउंड्रीवाल बनाई गई है। खास बात यह है कि देश में देशी नस्ल के साइवल गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत कार्यक्रम तैयार किया गया है, इसी योजना के तहत बिलासपुर में करीब 4.5 करोड़ की लागत से संवर्धन केन्द्र स्थापित किया गया है, जिसकी शुरूआत आने वाले दिनों में होने वाली है। इस प्रोजेक्ट के नोडल डॉ संजय दुबे ने बताया कि संचालक लेवल से हरी झंडी मिलने के बाद गौ वंशों को रखने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा, यहां फिलहाल निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है, ऐसे में उम्मीद है कि इस साल यह शुरू किया जाएगा।



### हाइब्रिड घास से होगा पोषण

यह क्षेत्र करीब 57 एकड़ जमीन में बनाया गया है, जहां साइवाल नस्ल के लिए हाइब्रिड घास चारा के तौर पर उत्पादित किया जाएगा, संवर्धन के प्रजनन हुए बछड़ों को नगर पंचायतों और गांव में मुफ्त बांट कर देशी नस्ल में सुधार की दिशा में काम किया जाएगा। पशु विकास विभाग द्वारा इस केन्द्र के लिए स्टाफ की नियुक्ति भी की जा रही है। साथ ही दुग्ध के लिए मैकेनाइज्ड यूनिट भी लगाने की तैयारी केन्द्र में की जा रही है।

### अच्छी नस्ल होगी तैयार

पशु प्रजनन परिक्षेत्र में जल्द ही 350 गौ वंशों को रखा जाएगा, इसके लिए जरूरी निर्माण कार्य खत्म हो चुका है। यह छत्तीसगढ़ देश के अन्य संवर्धन क्षेत्रों की तरह ही बनाया गया है, जिससे क्षेत्र में गौ वंशों की अच्छी नस्ल तैयार की जा सकेगी।

**डी झारिया, जेडी**
पशुधन विकास विभाग

## विकसित भारत पर सीवीआरयू में हुए कई कार्यक्रम

# राष्ट्र की रक्षा के लिए तैयार रहते हैंः राव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार विकसित भारत कार्यक्रम के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें वीर बाल दिवस के तहत व्याख्यान माला, निबंध, रंगोली, वाद विवाद प्रतियोगिता, परिचर्चा, स्लोगन सहित अनेक कार्यक्रम जिसमें विवि के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। छग राजभवन एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की दिशा निर्देशों के अनुरूप विकसित भारत 2047 के अंतर्गत प्रत्येक विभाग में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के लगभग 2000 से अधिक विद्यार्थियों ने विकसित भारत के अंतर्गत अपना फीडबैक अपलोड किया है। विवि के कुल सचिव गौरव शुक्ला ने बताया कि विकसित भारत 2047 के तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें शिक्षा विभाग में विकसित भारत के अंतर्गत वीर बाल दिवस का आयोजन शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना और एक भारत श्रेष्ठ भारत के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। स्वागत भाषण डॉ. रितेश मिश्रा द्वारा किया गया, जिसमें अतिथि वक्ता मंजू लता राव ने बताया कि वीर बाल दिवस गुरु गोविंद सिंह के पुत्र बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की पुण्य स्मृति में मनाया जाता है। वीर बाल दिवस मनाने से बच्चों में देशभक्ति की भावना बढ़ती है। वे राष्ट्र की रक्षा के लिए तैयार रहते हैं। अंत में डॉ. कृष्ण कुमार पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रशिक्षणार्थियों में 12 प्रतिभागियों ने स्पीच दी।

**खास बात**

- वीर बाल दिवस पर श्री गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की शहादत को बताया समाज के लिए प्रेरणादायी





कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

### गणित दिवस पर विद्यार्थियों ने जीते पुरस्कार

नेशनल मैथमेटिक्स डे पर विवि में राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. पुरुषोत्तम झा बलोदा बाजार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति डॉ आर पी दुबे ने की। समकुलपति डॉ. जयंती चटर्जी मित्रा, डॉ एस के तिवारी, डॉ रत्नेश तिवारी, डॉ ए के श्रीवास्तव आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के दिन विकसित भारत के अंतर्गत विद्यार्थियों के बीच पोस्टर प्रेजेंटेशन, एसेराइटिंग एवं क्विज कंपटीशन आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

### साहबजादे के बलिदान से प्रेरणा लेने की आवश्यकता

वीर बाल दिवस पर मीनाक्षी चन्द्रवंशी, डॉ. अल्का सिंह, कल्पना शर्मा , सुशील कुमार श्रीवास आदि उपस्थित रहे। विधि विभाग की छात्र-छात्राओं दीपाली रस्तोगी, आनिमेश गुप्ता, शुहानी सिंह, मुस्कान साहु,नम्रता,आस्था दुबे एवं अन्य छात्रों ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने अपने राष्ट्र समाज एवं धर्म के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए साहबजादे जोरावर सिंह एवं फतेहसिंह के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त किया। प्रो.विजय यादव ने साहबजादे के बलिदान से सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ रवि प्रकाश चौधरी ने धर्म धरा के रक्षार्थ दोनों साहबजादे के बलिदान को अविस्मरणीय बताते हुए बलिदानी संस्कारों को राष्ट्र रक्षार्थ आवश्यक बताया। कार्यक्रम का संचालन डिकेश साहू ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की विद्यार्थी एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के सदस्य और एनईपी सारथी सहित डॉ. अरविंद तिवारी आदि उपस्थित थे।

### छग की संस्कृति व जीवन शैली को जीवित रखा

रेडियो रमन 90.4 सामुदायिक रेडियो में परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें अशोक तिवारी इन्होंने बताया कि देश-विदेश में छत्तीसगढ़ के 5 लाख से अधिक लोग स्थाई रूप से प्रवासात हैं, परंतु उन्होंने वहां पर छत्तीसगढ़िया संस्कृति और जीवन शैली को जीवित रखा है। वे सतत रूप से उनसे संपर्क में हैं। श्री तिवारी ने भविष्य में उनके अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की योजना को साझा किया।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा से ग्रामीण हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंद्रीय योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ और छूटें हुए हितग्राहियों को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरु किए गए विकसित भारत संकल्प यात्रा से आम नागरिकों को काफी फायदा मिल रहा है। यात्रा के तहत लगाए जा रहे शिविर में दिन प्रतिदिन लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। 30 दिसम्बर को विकासखंड कोटा के ग्राम उपका मे संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में बेलतरा के पूर्व विधायक श्री रजनीश सिंह, श्री मोहित जायसवाल, जनपद कोटा सभापति श्री विद्यासागर औरकेरा, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस शिविर के माध्यम से नागरिक जिन्हें अब तक केंद्रीय योजनाओं का लाभ नहीं मिला है वे इन योजनाओं के लिए आवेदन दे रहे हैं और इस शिविर के जरिए लोगों को शासकीय योजनाओं की भी जानकारी मिल रही है। शिविर में आवास योजना से 80, स्वास्थ्य परिक्षण से 120, उज्वला योजना केवाईसी से 45 हितग्राही लाभान्वित हुए एवं इसी तरह अन्य योजनाओं की जानकारी लेने एवं लाभार्थी बनने लोग विभिन्न स्टालों में पहुंचे।

- योजनाओं की मिली जानकारी, निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण की मिली सुविधा उपकरण की कमी

# शासन की योजनाओं को प्रदेश की जनता तक पहुंचाने में स्वयंसेवकों का कार्य उल्लेखनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

शासकीय मदनलाल शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सात दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम ऊनी में किया गया है। जिसका उद्घाटन सरपंच रमेश कुमार साहू व प्राचार्य डॉ राजीव शंकर खेर के अध्यक्षता में हुआ। शिविर शुभारंभ दिवस के दिन अध्यक्षता के आसंदी से प्राचार्य डॉ खेर ने राष्ट्र के विकास के लिए एनएसएस के आवश्यकताओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में स्वयंसेवकों का कार्य उल्लेखनीय है। मुख्य अतिथि रमेश साहू ने शिविर की सफलता की कामना करते हुए सीपत महाविद्यालय के स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम अधिकारी शत्रुहन घृतलहरे ने शिविर का परिचय दिया। उद्घाटन सत्र को डॉ. श्रीकांत मोहरे ने भी संबोधित किया। शिविर में बच्चों द्वारा रचनात्मक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही है। सात दिवसीय शिविर के शिविर नायक भागबाली कैवर्त व शिविरनायिका दीक्षा सिंह बनाए गए हैं। उद्घाटन सत्र का संचालन प्रशांत यादव व आभार सोनम शर्मा सहायक कार्यक्रम अधिकारी ने किया।शिविर को लेकर ग्राम ऊनी में उत्साह का माहौल है । इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।



(शिविरार्थी रचनात्मक कार्यक्रमो की दे रहे प्रस्तुति।

# तनीषा व वंशिका ने चित्रकला स्पर्धा में दिखाए जौहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन ऊर्जा दक्षता ब्यूरो ने देश में ऊर्जा संरक्षण के विषय पर स्कूली छात्रों को संवेदनशील बनाने के लिए 24 नवंबर 2023 को रायपुर में राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। यह प्रतियोगिता श्रेणी ए के तहत कक्षा पांचवी से सातवीं के छात्रों के लिए और श्रेणी बी के तहत कक्षा आठवीं से दसवीं के छात्रों के लिए आयोजित की गई थी। इसी प्रतियोगिता में श्रेणी बी के तहत कक्षा दसवीं की छात्रा वंशिका नेताम ने राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में तृतीय स्थान व तनीषा साहू ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त कर अपने विद्यालय के साथ साथ राज्य का भी नाम रोशन किया है। वंशिका नेताम को ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा 20000 रुपए की नगद राशि तथा तनीषा साहू को 7500 रुपए की नगद राशि के साथ साथ प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं को महानिदेशक अभय बाकरे (ऊर्जा दक्षता ब्यूरो ) द्वारा हस्तांतरित प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। यह जानकारी विद्यालय के प्राचार्य शलभ निगम ने दी।

**खास बात**

- ऊर्जा दक्षता ब्यूरो विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बाल भारती स्कूल एनटीपीसी की छात्राएं हुई पुरस्कृत





### व्यापारी के घर चोरी, 50 हजार नकद सहित सोने व चांदी के जेवर पार

**कोरबा।** सिविल लाइन पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित सुगंधा विहार रेसिडेंशियल सोसायटी में शातिर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर से 50 हजार नगदी रकम सहित सोने और चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर लिया है। सुबह परिजनों को चोरी की घटना की जानकारी हुई जिसके बाद तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस मामले की जांच कार्यवाही में जुट गई है। शहर के सुगंधा विहार में व्यवसायी बोधसिंह ठाकुर निवास करते हैं। सुबह जब घर के सदस्य सोकर उठे तो उनके घर का दरवाजा बाहर से बंद मिला। इसके बाद परिवार के सदस्यों ने पड़ोसियों को फोन कर बुलवाया और फिर दरवाजा खोला गया। बताया जा रहा है कि बालकनी से नीचे प्रवेश करने के साथ चोरों ने यह कारनामा किया। बोध सिंह ठाकुर के अनुसार चोर घर के आंगन में लगे नीम के पेड़ के सहारे चढ़ कर बालकनी में घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया होगा।

# सिगड़ी जलाकर सोना पड़ा महंगा, नौ अस्पताल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिगड़ी जलाकर सोना एक परिवार के लिए महंगा पड़ गया। ठंड से बचने परिवार ने कमरे में ही सिगड़ी रख दी थी। रात में उनका दम घुटने लगा और हालत बिगड़ गई। अन्य कमरे में सोए परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें विकासनगर चिकित्सालय लाया जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू रेलवे कॉलोनी में निर्मला टांडी निवासरत है। उसके घर क्रिसमस मनाने परिवार के लोग पहुंचे हुए थे। क्रिसमस पर्व के बाद भी परिजन रेलवे कॉलोनी में ठहरे हुए थे। शुक्रवार की रात ठंड से बचने निर्मला टांडी ने सिगड़ी जलवायी थी। कुछ देर तक आग तापने के बाद सिगड़ी को कमरे ही रखकर सभी सोने चले गए। देर रात अचानक कमरे में सोए लोगों के आखों में जलन, सिर दर्द और उल्टियां होने लगी। चक्कर आने की समस्या को देखते हुए उन्हें आनन-फानन में एसईसीएल के विकासनगर कुसमुंडा डिस्पेंसरी में लाया गया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। लिहाजा उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल में दाखिल लोगों में साइबो सोनवारी, हिमांगी नायक, नमिता नायक, नंदिनी नायक, दो पुरूष सहित 9 लोग शामिल हैं। सभी का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।





## लोखंडी में निकाली गई अक्षत कलश शोभायात्रा, सकरी में आज निकलेगी

**सकरी।** ग्राम लोखंडी में अक्षत कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसे पूरे गांव का भ्रमण कराया गया। रामभक्तों ने जगह जगह अक्षत कलश की पूजा - अर्चना की। शोभायात्रा में सरपंच सावित्री गढेवाल, उपसरपंच बसंत गढ़ेवाल, बलराम पटेल,डॉ . प्रीतम पटेल, राजेन्द्र वस्त्रकार, परमेश्वर पटेल, बाबी पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। सकरी में अक्षत कलश यात्रा आज रविवार को दोपहर 12 बजे कुम्हारपारा स्थित दुर्गा मंदिर से निकाली जायेगी जो पूरे बस्ती का भ्रमण करते हुए मिडिल स्कूल से गायत्री मंदिर में आकर समाप्त होगी। यही से नौ ग्राम के रामभक्त अपने ग्राम का अक्षत कलश यहां से अपने गांव ले जाएंगे।

# क्षमता संवर्धन कार्यशाला में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

डीएवीसीएई एवं रीजनल ट्रेनिंग सेंटर छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल कोतरी के शिक्षकों ने भाग किया।

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देवरी खुर्द में छत्तीसगढ़ के कुल 9 जिले बिलासपुर, मुंगेली, बेमेतरा, गरियाबंद, रायगढ़, बलौदाबाजार, जांजगीर चाम्पा, गौरेला-पेंड्रा मरवाही कवर्धा के कुल 22 डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों के लगभग 160 अधिक शिक्षक- शिक्षिकाएं प्रशिक्षित होने के लिए कार्यशाला में शामिल हुए, जिसमें डीएवी कोतरी से रोहित साहू (केमेस्ट्री), हेमंत कुमार (मैथ्स), कृपालु साहू (इंग्लिश), कोमल साहू (एसएसटी), अंजली वैष्णव, रचना सिंह, रोशनी राजपूत, प्रीती तंबोली, वंदना ने भाग लिया। सभी डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों के प्राचार्यगण के साथ डीएवी कोतरी के प्राचार्य हिमांशु कुंवर भी इस आयोजन में विषय समन्वयक के रूप में शामिल हुए। इसमें 13 विषयों केमेस्ट्री, बायलॉजी, फिजिकस, मैथ, साइंस, एसएसटी, इंग्लिश, हिंदी एवं प्रारंभिक व्यवस्था एवं अवस्था (ईईडीपी) के शिक्षकों के सानिध्य में वैदिक हवन यज्ञ व डीएवी गान के साथ कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के आयोजन स्थल प्रभारी एवं प्राचार्य विनय कुमार श्रीवास्तव ने बताया की सा विद्या या विमुक्तये' अर्थात शिक्षा वह है जो मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करे। इस उक्ति में उन्होंने यह बताया कि आज विज्ञान के इस युग में जब सारी दुनिया इनफॉरमेशन अर्थात ज्ञान के पीछे दौड़ रही है। ऐसे समय में ज्ञान और इनफॉरमेशन अर्थात शिक्षा और इनफॉरमेशन में अंतर करना बहुत जरूरी है। यह हम सभी शिक्षकों के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य है।



### महीने के अंतिम शनिवार को मोबाइल दुकानें रहेंगी बंद

**लोरमी।** मोबाइल संघ विक्रेता द्वारा नया संगठन बनाया गया है। नए संगठन में अध्यक्ष की जिम्मेदारी विकास मोबाइल के संचालक विकास सलूजा को दी गई है । वहीं उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी चंद्रभान साहू एवं सचिव राजा सलूजा, सहसचिव उमेश पाली, कोषाध्यक्ष उत्तम साहू, व्यवस्था मंत्री भानु साहू, संगठन मंत्री पूर्णानंद कश्यप, सूचना मंत्री संदीप साहू, को बनाया गया है । वही हर महिने की अंतिम शनिवार को मोबाइल दुकान बंद रखने का निर्णय लिया गया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विकास सलूजा ने इस जिम्मेदारी के लिए पूरे मोबाइल संघ का आभार व्यक्त किया है एवं मोबाइल संघ की एकता और विकास के लिए प्रतिबद्ध रहने की बात कही है ।


मान. अरुण साव जी
(उपमुख्यमंत्री) को
लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय
प्रशासन एवं विधि-विधायी कार्य मंत्री (छ.ग.) बनने पर
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
राजेश त्रिवेदी
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा
सांसद प्रतिनिधि, बिलासपुर न.नि.
बलराम देवांगन
मंडल अध्यक्ष
हरीशचन्द्र साहू
महामंत्री
संजय सिंह
भाजपा नेता
श्याम कार्तिक वर्मा
भाजपा नेता
श्यामलाल बंजारे
पार्षद, वार्ड नं. 08 तिफरा
विनीत : तिफरा, सिरगिट्टी भाजपा मंडल, विधानसभा बिल्हा

## खबर संक्षेप

### बाबा इंसान अली का महीना उर्स पाक आज

**सीपत।** सूफी-संत हजरत बाबा सैय्यद इंसान अली शाह का महीना उर्स पाक आज रविवार को बड़े ही शानो शौकत के साथ मनाया जाएगा। बाबा इंसान अली का महीना उर्स चांद की 17 वीं तारीख को बड़े ही अकीदत के साथ मनाया जाता है। सुबह 6:30 बजे कुरान ख्वानी मदरसा फैजाने बाबा इंसान अली के छात्र करेंगे। 12:40 बजे मजारे पाक का गुस्ल खादिमों द्वारा दिया जाएगा इसके बाद शिजरा ख्वानी दुआ मांगी जाएगी। दोपहर 1 बजे से शाही आम लंगर जारी रहेगा। यह लंगर सैय्यद अल्फाजुद्दीन खम्हरिया वाले की ओर से रहेगा। 1:30 बजे नूरानी शाही मस्जिद में जोहर की नमाज होगी इसके बाद दरगाह में सलातो-सलाम पेश किया जाएगा। दिन रविवार और साल का अंतिम दिन होने के कारण उर्स में भारी भीड़ होने की संभावना है। दरगाह को आकर्षक फूलों से सजाया गया है।

### लखराम में हास्य कवि सम्मेलन आज

**लखराम।** नगर स्थित शिशु मंदिर परिसर में 31 दिसंबर को रात्रि 7 बजे से हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। दीनदयाल यादव के संयोजन एवं हास्य कवि सीपत शरद यादव के संचालन में आयोजित इस कवि सम्मेलन में सिमगा से कृष्णा भारती सेन, बिलासपुर से बालमुकुंद श्रीवास, सोमप्रभा तिवारी कोटा एवं गौरव साहू बिलाईगढ़ अपनी प्रस्तुति देंगे। आयोजन को सफल बनाने दिव्येश यादव, गणेश यादव, सुरेंद्र यादव, निलेश जुटे हुए हैं।

### छापा मारकर पुलिस ने जुआरियों को पकड़ा

**तखतपुर।** सार्वजनिक जगह पर जुआ खेल रहे जुआरियों को पुलिस ने छापा मार कर पकड़ लिया। इस मामले में जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम बघेलकापा निवासी पालेश्वर दिनकर पिता बाल मुकुंद उम्र 30, डिक्सन राज दिनकर पिता पुन्नी लाल दिनकर उम्र 30, कन्हैया बघेल पिता बुगला बघेल उम्र 32, पुजेरी लाल पिता चरणदीप दिनकर उम्र 45 सभी बघेलकापा चौक में जुआ खेल रहे थे जिसे पुलिस मुखबिर सूचना पर छापामार पकड़ लिया इनके पास से 450 रुपये नगदी व 52 पत्ती तास जब्तकर जुआरियों के खिलाफ एक्ट 3 (2) जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

## निधन

### माया देवी शर्मा



**बिलासपुर।** वेयर हाउस रोड निवासी माया देवी शर्मा पति बलदाऊ शर्मा बदरा वाले का 30 दिसंबर को निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 31 दिसंबर सुबह 10 बजे सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे प्रशांत शर्मा व निशांत शर्मा की मां थीं।

### गीता यादव



**पथरिया।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 निवासी गीता यादव उम्र 64 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार नगर के लछनपुर मुक्तिधाम में किया गया। वे विनोद यादव, राजेश यादव की माता थीं।

### चिंताराम पाली



**पथरिया।** ग्राम दाऊपारा निवासी चिंताराम पाली का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम मे किया गया। वे धर्मेन्द्र एवं धनीराम पाली के पिता थे।

## गुरु घासीदास जयंती में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री

# खस्ताहाल सड़कों की हालत सुधरेगी विकास कार्य को मिलेगी गतिः साव

**लंघवाटोला तथा फुलवारी में हुआ कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

उपमुख्यमंत्री एवं लोकनिर्माण, नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साहू ग्राम फुलवारी एवं लंघवाटोला में आयोजित बाबा गुरु घासीदास जयंती में शामिल हुए। ग्रामीणों द्वारा इस अवसर अरुण साव का भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने ग्रामीणों को बाबा के भाईचारा सन्देश मनखे मनखे एक समान को आत्मसात करने आह्वान किया।

इससे पहले स्थानीय विश्रामगृह में प्रेस क्लब के पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने विभागों का बंटवारा किया है। एक बड़ी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री ने सौंपी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं बड़ी जिम्मेदारी दी है। उनके भरोसे पर खरा उतरने प्रयास करेंगे। हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करने का काम करेंगे। भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ के जनता के उम्मीद पर खरा उतरने सरकार पूरा प्रयास करेगी। इस मौके पर पूर्व विधायक तोखन साहू, विक्रम सिंह, गुरमीत सलुजा, रवि शर्मा, विनय साहू, अंजना दास, दिनेश साहू,राकेश दुबे, , रोहित साहू, सन्तोष साहू(फौजी), धनेश साहू, प्रदीप मिश्रा, राकेश छाबड़ा, विष्वास दुबे, बादल,रामेश्वर, विनोद राजपूत, घनेद्र राजपूत, अशोक साहू, धनीराम , राजेन्द्र साहू, सुशील यादव, देवेश खत्री,नगर पंचायत अध्यक्ष अंकिता रवि शुक्ला, राजेन्द्र सलुजा, सुजीत वर्मा, सुरेश श्रीवास, नितेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, धर्मेंद्र गिरी गोस्वामी, सीमांत दास, विनय साहू, विकास केशरवानी, दुष्यंत खत्री, आनंद श्रीवास, बनवारीलाल अग्रवाल, मनोज जायसवाल, सीएमओ लालजी चन्द्राकर, एसडीएम प्रवीण तिवारी, लोकनिर्माण विभाग के आला अधिकारी भाजपा के कार्यकर्ता एवं उनके समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में अरुण साव का स्वागत करते लोग।

### छत्तीसगढ़ हुआ राममय

श्री साव ने कहा कि भगवान राम के प्रति छत्तीसगढ़ में आस्था है। भगवान राम छत्तीसगढ़ के भांजे हैं इसलिए पूरा छत्तीसगढ़ राम मय हो गया है। यहाँ परम्परा है कि गांव-गांव में मानस कथा नवधा रामायण से जन जन जुड़े हैं। भांजा राम का 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम के भव्य दिव्य मंदिर निर्माण हो रहा है, जिसके लोकार्पण उपरांत बड़ी संख्या में लोग वहां एकत्रित होने वाले हैं। छत्तीसगढ़ में इतने बड़े आयोजन में लोगों के लिए राइस मिल एसोसिएशन ने 300 टन चावल भेजा है यह कार्य प्रशंसनीय है। हम सब अयोध्या जाकर भगवान का आशीर्वाद लेंगे।

### कांग्रेस सरकार ने डुबोया

लोकनिर्माण विभाग के मंत्री बनने के सवाल पूछने पर अरुण साव ने कहा कि पिछले 5 सालों में कांग्रेस की सरकार ने विकास की कोई काम नहीं किया, इसलिए सड़कों की हालत जर्जर अवस्था में है। गांव से शहरों तक सड़क खस्ताहाल है, जिसे निर्माण की आवश्यकता है। यह भी आप सभी को पता है कि पिछली सरकार ने छत्तीसगढ़ के हालात को खस्ता कर रखी है, पिछली सरकार ने कर्ज में डुबो के रखी है,। हम सब मिलकर रास्ता निकालेंगे। मुझे लगता है कि फंड की कमी नहीं होगी हम उसका रास्ता निकाल कर विकास का काम करेंगे।

**प्रदेश की सुख, समृद्धि की कामना की -** उप मुख्यमंत्री अरूण साव लोरमी विकासखण्ड के ग्राम लंघवाटोला तथा फुलवारी में आयोजित गुरू घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। समिति के पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री श्री साव का पुष्प माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि संत गुरू घासीदास के संदेश आज भी प्रासंगिक हैं। उनके बताए हुए संदेशों को हम सबको अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने जैतखाम की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक तोखन साहू, आयोजन समिति के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# 31 मार्च तक ई केवाईसी करा सकेंगे उपभोक्ता

- अंतिम तिथि में किया गया परिवर्तन

**तखतपुर।** एलपीजी कनेक्शन की ई केवासी के लिए अब अंतिम तिथि में परिवर्तन कर दिया गया है। अब उपभोक्ता 31 मार्च तक ई केवासी अपडेट करा सकते हैं। भारत शासन के निर्देशानुसार रसोई गैस उपभोक्ताओं का भी आधार वेरीफिकेशन यानि ई केवासी कराना अनिवार्य है इसके अभाव में गैस कनेक्शन अवैध घोषित किया जा सकता है।

गैस एजेंसी में केंद्र शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक कनेक्शन धारी को ईकेवासी कराना अनिवार्य है जो 31 मार्च तक हो सकेगी। लोगों में 31 दिसम्बर अंतिम तिथि होने की सूचना पर भूखे प्यासे उपभोक्ताओं को भीड़ बनकर गैस एजेंसी में बैठे रहना पड़ता था। ईकेवासी की तारीख आगे बढ़ने से लोगों में राहत की बात हुई है। शासन को इस बात का भी अंदेशा था कि रसोई गैस कनेक्शन किसी के नाम पर और उपयोग कोई और करता है। इस बात की प्रमाणीकरण के लिए वैध और अवैध गैस कनेक्शन का परीक्षण किया जा रहा है। उज्जवला योजना और ईकेवासी दोनों अंतर होने से लोगों को भ्रम का सामना करना पड़ रहा है। भारत शासन द्वारा प्रत्येक गैस कनेक्शन धारी का ईकेवासी अनिवार्य किया है वहीं उज्जवला योजना अंतर्गत पात्र महिला उपभोक्ताओं का आवेदन नए कनेक्शन के लिए एवं जिनका पूर्व में उज्जवला योजना के तहत कनेक्शन हो चुका है उनका ईकेवासी किया जा रहा है। उज्जवला योजना का लाभ सिर्फ महिला उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन लेने वालों को ही मिल सकता है जिसमें मुफ्त गैस कनेक्शन के साथ पांच सौ रूपए में गैस रिफिल होकर मिलता है।



# सूर्यवंशी समाज का बनेगा सामुदायिक भवनः धर्मजीत

- समाज के पदाधिकारियों ने विधायक से मिलकर रखी अपनी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

सूर्यवंशी समाज छतौना परिक्षेत्र के पदाधिकारियों ने तखतपुर के नव - निर्वाचित विधायक धर्मजीत सिंह से मिलकर उनका सम्मान किया। समाज के पदाधिकारियों ने समाज के लिए सामुदायिक भवन स्वीकृत करने की मांग की जिस पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि सूर्यवंशी समाज का सामुदायिक भवन बनेगा इसके लिए आप गांव और जगह जैसे ही बताएंगे वहां सामुदायिक भवन स्वीकृत कर दिया जाएगा।

उन्होंने सूर्यवंशी समाज की तारीफ करते हुवे कहा कि आप का सामाजिक संगठन बहुत मजबूत है इसे ऐसे ही बना कर समाज का विकास करिए जिसमें हम भी अपना योगदान देंगे। सम्मान करने वालो में समाज के परिक्षेत्र अध्यक्ष सुशील सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष विजय भौमिक, सचिव मनहरण सूर्यवंशी, महासचिव राधेश्याम सुर्यवंशी ,लेखराम सुर्यवंशी बेलमुंडी, नंदकिशोर भास्कर पांड, रामनाथ सुर्यवंशी, संतोष सुर्यवंशी पूर्व पार्षद सकरी, बसंत सुर्यवंशी, कुंजबिहारी हांफा, बल्देव गढेवाल विधिक सचिव अमसेना, रोहित कुमार, सुरेश किनले घानापार, रामकुमार कोपरा, राजकुमार, अर्जुन लाल, रतनलाल छतौना, अर्जून लाल बेलमुंडी, सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## सफलता के लिए अभ्यास का होना जरूरी

# एकता व अनुशासन रखें बरकरारः गवेल



विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते एनटीपीसी के अधिकारी व तहसीलदार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

एनटीपीसी के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्राम गतौरा में 28 व 29 दिसंबर को दो दिवसीय अंतरग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें परियोजना प्रभावित कुल आठ ग्राम गतौरा कौड़िया रलिया रांक देवरी जांजी कर्रा एवं सीपत के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने भाग लिया। ग्रामीणों ने टूर्नामेंट का भरपूर आनंद उठाया। 29 दिसंबर को फाइनल मैच सीपत व जांजी के बीच खेला गया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद आखिरी में सीपत की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में जीत हासिल की। इस अवसर पर सीपत तहसीलदार सुश्री सिद्धि गवेल व सीपत परियोजना प्रमुख रमानाथ पुजारी ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए और उन्हें प्रेरित करने के लिए क्रिकेट किट भेंट की। तहसीलदार सिद्धि गवेल ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता तभी मिलती है जब आप अभ्यास करते रहेंगे। इस तरह के आयोजन स एकता व अनुशासन का विकास होता है। परियोजना प्रमुख रमानाथ पुजारी ने कहा कि खिलाड़ी जज्बा व जुनून बनाएं रखे। निश्चित ही उनको आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता। ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभा की कोई कमी नही है।

बशर्तें आवश्यक है उन्हें सही मंच व दिशा मिलने की। इस दौरान महाप्रबंधक (टीएस), श्री अविजीत चटर्जी मानवसंसाधन विभागाध्यक्ष जयप्रकाश सत्यकाम व एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। गतौरा सरपंच सुरेश कुमार राठौर जांजी सरपंच शिवनाथ कौड़िया सरपंच प्रतिनिधि धर्मेन्द्र श्रीवास्तव ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### आधी रात को धमके हाथियों ने पनगंवा में ढहाए दो मकान

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात बदस्तूर जारी है। यहां के पसान रेंज अंतर्गत पनगंवा गांव में आधी रात को अचानक धमके दो हाथियों ने उत्पात मचाते हुए दो ग्रामीणों की मकान को ढहा दिए। जिस समय हाथियों ने यहां धावा बोला उस समय घर मालिक अपने परिवार के साथ सो रहे थे। हाथियों की चिंघाड़ व आने की आहट सुनकर जागे और परिवार समेत अन्य कमरे में छिपकर जान बचाई। जिसके बाद वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को सूचना दी गई। जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर उत्पाती हाथियों को खदेड़ा। बताया जाता है कि हाथियों ने एक ग्रामीण के घर के बुरी तरह ध्वस्त कर दिया है जबकि दूसरे ग्रामीण के घर को आंशित क्षति पहुंचायी है। इसके अलावा केंदई रेंज के खड़फड़ीपारा सहित विभिन्न स्थानों पर हाथियों का दल झुंडों में बंटकर विचरण कर रहा है। हाथियों के झुंडो में बंटने और विभिन्न स्थानों पर विचरण करने से खतरा बढ़ गया है।



# 31 टीमों को पछाड़कर लोखड़ी बना क्रिकेट का चैंपियन

**सेमरताल।** आदर्श ग्राम सेमरताल में आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाईनल मैच शुक्रवार को धान मंडी मैदान में खेला गया। जिसमें ग्राम लोखड़ी की टीम ने नर्मदा को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया।

लोखड़ी ने टास जीतकर क्षेत्र रक्षण का फैसला लिया। वहीं नर्मदा ने पहले बैटिंग करते हुए कुल दस ओवरों में 81 रन बनाए थे। जवाब में लोखड़ी के खिलाड़ियों ने शुरू से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवरों में ही नर्मदा को परास्त कर दिया। मैन आफ द मैच और मैन आफ द सीरीज लोखड़ी के हेमंत रहे। हेमंत ने पूरे टूर्नामेंट में कुल चौदह विकेट लिए। फाइनल मुकाबले का प्रथम पुरस्कार बेलतरा के पूर्व विधायक रजनीश सिंह के हाथों प्रदान किया गया। ग्राम सेमरताल के सरपंच राजेन्द्र साहू व जलसों के सरपंच राजेन्द्र साहू, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री मनीष कौशिक, बेलतरा मध्य मंडल के अध्यक्ष दिनेश सिंह, अनिल यादव पूर्व सरपंच जलसों ने उपविजेता नर्मदा को ट्राफी व नगदी राशि भेंट की। बेलतरा मंडल पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष सतीश धीवर, प्रधानाचार्य रविन्द्र नाथ गहवई, व्याख्याता अनिल वर्मा, वरिष्ठ नागरिक दशरथ साहू, चैतराम साहू, दिलीप कौशिक, ध्रुव साहू, अंजनी साहू ने बाकी के पुरस्कार खिलाड़ियों को प्रदान किया। इस अवसर पर अंपायर रामकृष्ण धीवर, रूपेश साहू, विपिन यादव, कमेंटेटर जय सिंह , धनंजय साहू, सूरज साहू, संयोजक इन्द्रजीत धीवर, संगीत व्यवस्थापक आदित्य वर्मा, स्कोरर मंथन साहू, श्रेष्ठ दर्शक रामायण कोरी को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# परसाही में दो दिवसीय रावत बाजार आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

समीप के ग्राम पंचायत परसाही में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 दिसंबर व 1 जनवरी को दो दिवसीय भव्य राउत बाजार का आयोजन किया गया है। आयोजन के संयोजक ओमगिरी गोस्वामी ने बताया कि व्यापारियों को व्यापार में राहत दिलाने के उद्देश्य पूर्व दो की भांति इस वर्ष भी बाजार का आयोजन पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। व्यापारियों से किसी भी प्रकार की कोई बाजार शुल्क नही लिया जाएगा। यह आयोजन का गत तीसरा वर्ष होगा। जिसमें खाने पीने, मनोरंजन व श्रृंगार से लेकर हर प्रकार की व्यापारिक प्रतिष्ठाने शामिल होंगी। यदुवंशी नर्तक दल आकर्षक वेशभूषा में सज संवरकर दोहे के साथ गड़वा बाजा धुन व मुरली की पर अपने शौर्य का प्रदर्शन करेंगे। बाजार में अधिक से अधिक संख्या में व्यापारियों को आमंत्रित किया गया है।

# कर्म करने से ही फल की प्राप्ति होती हैः संकर्षण महाराज



**लखराम।** कर्म करने से ही फल की प्राप्ति होती है।केवल दिखावा करने से फल की प्राप्ति नही होती। फल प्राप्ति के लिए सतत श्रम की आवश्यकता होती है। हमने जिस कार्य की जिम्मेदारी ली है। उस पर चित्त से लग कर करना होता।जब जीवन में कर्म की प्रगाढ़ता हो तो भगवान की प्राप्ति होती है। कोई भी फल भगवान ही देते हैं पर मनुष्य अज्ञानतावश मैं किया हूँ मानता है। यह प्रेरणापूर्ण बातें केदारनाथ गुप्ता, शशी गुप्ता, तुषार गुप्ता, शिखा गुप्ता परिवार द्वारा सस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित श्रीराम कथा व्यास गद्दी से प्रयाग से आए संकर्षण शरण महाराज ने कही। महाराज ने सुन्दर काण्ड की कथा सुनाते हुए कहा कि जब पवन की आवश्यकता होती है तो पीछे चल रहे थे,पर जब गुफा में घुसना था तो आगे हो गये।मनुष्य को भी जब दूसरों की सहायता करनी हो तो आगे होना चाहिए। जब आप परमात्मा की तलाश में चलेंगे तो भगवान भी सहायता करते है,जब आप शान्ति की तलाश में हो तो लोभ मोह से काटिये और परमात्मा से जुड़िए। राम कथा के आठवें दिन कथा सुनने लोगों की अपार भीड़ बनी रही तथा भगवान की पावनी कथा श्रवण कर अपने आप को धन्य मानें।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल - जूना बिलासपुर, तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्र./क/ सीमांकन/रा.नि./2023
जूना बिलासपुर, दिनांक 15/12/2023
प्रति,
› ऋषि श्याम/ब्रजभान सिंह (आवेदक)
› तुकाराम नागदौने
› हरीश नागदौने
› गिरीजा बाई
› गृह निर्माण समिति बिलासपुर
› सर्व संबंधित हितबद्ध पक्षकार
विषय: सीमांकन के समय उपस्थित रहने बाबत।
संदर्भः न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र./क/तह./वा./23 दिनांक 22/09/2023
ग्राम -तालापारा, प.ह.न.- 39, रा.नि.म. - जूना बिलासपुर, तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा न. 158/1/ज, 158/1/ज/2 रकबा 0.006, 0.043 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु ऋषि श्याम पिता/पति ब्रजभान सिंह जाति- गोंड, निवासी झल्फा के द्वारा न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार बिलासपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है।
न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 04/01/2024 को समय 10:00am से 5:00pm को किया जाना है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।
अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी ।
टीपः- आवेदक को आदेशित किया जाता है कि सीमा-चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदुर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।
(अशोक कुमार सोनी)
राजस्व निरीक्षक, जूना बिलासपुर

**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार कुशल प्रसाद तिवारी उम्र 60 वर्ष पिता स्व. गणेश दत्त तिवारी निवासी - ई-18 एम.पी.पी.जी.सी.एल. कालोनी बिरसिंगपुर पाली जिला उमरिया ( म.प्र.) से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय का आम सूचना प्रकाशन कराता हूँ कि मेरे उपरोक्त पक्षकार ने मौजा मोपका प0ह0नं0 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 982/8, 983/8 कुल रकबा 2400 वर्गफीट भूमि को भूमि स्वामी श्रीमती गायत्री दुबे उम्र 55 वर्ष पति श्री संतोष दुबे विवेकानंद नगर मोपका बिलासपुर (छ.ग.) से क्रय किये जाने का पक्का सौदा कर बतौर एडवांस राशि प्रदान कर दिया गया है, जिसका निकट भविष्य में विक्रय पंजीयन होना हैं, अतः उक्त भूमि के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक या अन्य को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करावें, समयावधि पश्चात की गई आपत्ति विधि मान्य नहीं होगी।
सो आम सूचना जाने।
बिलासपुर, दिनांक: 30/12/2023
भवदीय,
(संतोष वस्त्रकार)
अधिवक्ता / नोटरी) पुराना पावर हाउस डॉ. बेनर्जी क्लीनिक के पास, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9302518147
कुशल प्रसाद तिवारी मो. 8770290909

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक बोदरी तहसील -बिल्हा, जिला -बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्रमांक/रा.नि./क्यू/2023
दिनांक 28.12.2023
प्रति,
आवेदक/ आवेदिका अमेया वेंचर्स भागीदार अमित अग्रवाल पि. राजकुमार अग्रवाल निवासी बिलासपुर समीपी भूमिस्वामी (1) विनय आ. ज्ञानचंद सा. रायपुर (2) दिनेश कुमार मित्तल पि. दुर्गाप्रसाद सा. बिलासपुर (3) प्रमोद कुमार जैन पि. लख्मीचंद जैन सा. बिलासपुर (4) सविता पति मदन अग्रवाल सा. बिलासपुर (5) फार्चुन बिल्डकान द्वारा पवन कुमार पिता सेठूराम अग्रवाल सा. बिलासपुर
विषयः- सीमांकन में उपस्थित होने बाबत्।
संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार बिल्हा ज्ञापन क्रमांक // क/तह. वाचक /2023
बिल्हा दिनांक 28.12.2023
उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक अमेया वेंचर्स भागीदार अमित अग्रवाल पिता राजकुमार अग्रवाल निवासी बिलासपुर के द्वारा न्यायालय तहसीलदार /नायब तहसीलदार बिल्हा में मौजा बोदरी प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. बोदरी तहसील बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) स्थित ख.नं. (म.नं. 1) 15008 (म.नं. 2) 15001 रकबा 2.7520, 0.7280 हे. का सीमांकन हेतु छ.ग.भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत आवेदन किया गया है।
संदर्भित आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 05.01.2024 को समय 11.00 बजे से 5.00 बजे किया जाना है। अतः आप अपनी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज सहित उक्त नियत तिथि को स्थल पर उपस्थित रहें। उक्त समय पश्चात् की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
राजस्व निरीक्षक, बोदरी
तहसील बोदरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर**
**सूचना**
क्रमांक/क./ रा.नि./2023
सिरगिट्टी, दिनांक 26/12/23
प्रति, 1. आदित्य गुप्ता 2. जोन कमिश्नर, जोन, क्र. 04 बिलासपुर 3. मंडल अभियंता, सेंट्रल, द.पू.म.रे. बिलासपुर 4. भारतीय खाद्य निगम, बिलासपुर 5. अन्य सर्व संबंधित
विषयः- सीमांकन में उपस्थिति बाबत्।
संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार / अतितिरक्त तहसीलदार बिलासपुर का ज्ञापन क / क. तह./ वाचक/2023 बिलासपुर दिनांक 23/11/23
आवेदक आदित्य गुप्ता निवासी सदर बाजार के द्वारा ग्राम सिरगिट्टी प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 31/1 रकबा 0.37 ए के सीमांकन हेतु न्यायालय नायब तहसीलदार/तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 04/01/ 24 समय 10.00 5.00 बजे किया जावेगा।
आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।
राजस्व निरीक्षक सिरगिट्टी

**न्यायालय तहसीलदार बोदरी, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**
**सूचना**
क्रमांक / / वा./तह./ 2023
बोदरी दिनांक 27/19/2023
एतद् द्वारा ग्राम सारधा के सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विष्णु प्रतापसिंह पिता पारसनाथ सिंह जाति कुर्मी निवासी ग्राम अशोकनगर-चांटीडी तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. ग्राम-बोदरी प.ह.नं. 01 तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 279/1, 280/1, 16, रकबा 3.00 ए. 1.26 कुल खसरा 3 कुल रकबा 4.26 एकड़ भूमि को खाता विभाजन हेतु आवेदन पत्र इसन्यायालय में प्रस्तुत किया है।
अत जिसे किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति करना हो तो दिनांक 30/1/2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति पेश कर सकता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 27-12-23 को न्यायालय की सील मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
तहसीलदार
बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल - जूना बिलासपुर, तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्र./क/ सीमांकन/रा.नि./2023
जूना बिलासपुर, दिनांक 20/12/2023
प्रति,
› शेख मोहम्मद रिजवान/ शेख मोहम्मद जमील (आवेदक)
› सैयद साजिद अली
› परवीन बानो
› सर्वसम्बन्धित हितबद्ध पक्षकार
विषय: सीमांकन के समय उपस्थित रहने बाबत।
संदर्भः न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र./क/तह./वा./23 दिनांक 05/12/2023
ग्राम -तालापारा, प.ह.न.- 39, रा.नि.म. - जूना बिलासपुर, तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा न. 240/23 रकबा 0.010 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु शेख मोहम्मद रिजवान (9907973567) पिता/पति शेख मोहम्मद जमील जाति- मुसलमान, निवासी तालापारा के द्वारा न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार बिलासपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है।
न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 24/01/2024 को समय 10:00am से 5:00pm को किया जाना है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।
अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी ।
टीपः- आवेदक को आदेशित किया जाता है कि सीमा-चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदुर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।
(अशोक कुमार सोनी)
राजस्व निरीक्षक, जूना बिलासपुर

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।


शशांक त्रिवेदी जी (टोडी भाई)
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...

# दिनभर लग रही कतार, फिर भी साढ़े तीन लाख राशन कार्ड सत्यापित नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले समेत प्रदेश में ईकेवाईसी के लिए एलपीजी गैस एजेन्सियों पर भारी भीड़ उमड़ रही है। इसके बाद भी जिले में 30 प्रतिशत लोगों का ही राशनकार्ड का प्रमाणीकरण नहीं हो सका है।

जिले में 5 लाख 35 हजार राशन कार्डों में से एक लाख 87 हजार राशन कार्डों का सत्यापन किया जा सका है। हालांकि सरकार ने अब भारी भीड़ को देखते हुए 31 मार्च तक की तिथि बढ़ा दी है। दूसरी ओर खाद्य विभाग और आयल कंपनियों की ओर से कहा गया है कि फिलहाल प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के गैस कनेक्शनधारकों की ही बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण की जा रही है। सामान्य उपभोक्ता आराम से कभी भी ई केवाईसी करवा सकते हैं।

■ अब 31 मार्च तक के लिए बढ़ाई गई तिथि

ज्ञात हो कि वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना के साथ ही 500 रुपए में सिलेंडर लेने के लिए केवाइसी कराना अनिवार्य है। इसके लिए राशनकार्ड के सभी सदस्यों के आधार की जानकारी प्रमाणीकृत होना आवश्यक है। दरअसल राशनकार्ड में हितग्राहियों के आधार की जानकारी गलत दर्ज होने और आधार की जानकारी प्रमाणीकृत नहीं होने के कारण खाद्यान्न वितरण में समस्या बनी रहती है। विभागीय डेटाबेस में जिन हितग्राहियों का आधार दर्ज है, उनके आधार की जानकारी का प्रमाणीकरण के लिए ई-केवाईसी की प्रक्रिया की जा रही है।

### एजेन्सी खुलने से पहले भीड़

शहर में इन दिनों गैस एजेन्सियां खुलने से पहले ही लोग वहां जाकर कतारों में खड़े हो जाते हैं। दिनभर भीड़ लगी रहती है। लम्बी लाइन शाम तक रहती है। दोपहर बारह बजे से ही सर्वर पर भार बढ़ने से ई-केवाईसी में समय लग रहा है। लोगों ने बताया कि दिन का काम छोड़कर यहां आ रहे हैं। पिछले कई दिनों से यही हाल है। दरअसल केवाईसी के लिए केन्द्रीयकृत व्यवस्था के तहत केन्द्र सरकार ने एक ही जगह सर्वर बनाया है। अधिक दबाव के कारण सर्वर जवाब दे जाता है। इस कारण केवाईसी में काफी समय लगता है। एलपीजी गैस एजेन्सी संचालकों का कहना है कि उज्ज्वला योजना के गैस कनेक्शनधारकों के अलावा सामान्य उपभोक्ता कभी भी ई केवाईसी करवा सकते हैं



### फैक्ट फाइल

- बीपीएल कार्डधारी - तीन लाख 90 हजार 843
- एपीएल कार्डधारी- 69 हजार 663
- अंत्योदय राशन कार्डधारी- - 94 हजार 764
- निराश्रित कार्डधारी - तीन हजार 774

### इस तरह बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण

डीबीटी से जुड़े सभी घरेलू गैस उपभोक्ताओं को अपना बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराना होगा। इसको लेकर तेल और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पिछले दिनों निर्देश जारी किया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना व सामान्य गैस उपभोक्ताओं को बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य है। इसके जिस गैस एजेन्सी पर कनेक्शन है वहां आधार कार्ड व पहचान से संबंधित अन्य दस्तावेज लेकर जाना होगा। आंखों और अंगूठे को स्कैन कर सत्यापन किया जाएगा।

### सर्वर का अटकना भी बड़ा रोड़ा

इस ई-केवाईसी के लिए कार्डधारक उचित मूल्य दुकान पहुंच भी रहे हैं, लेकिन सर्वर की दिक्कतों के चलते आधार नंबर से लिंक नहीं हो पा रहा है। राशन दुकानों में कार्डधारकों की भीड़ जुट रही है। ध्यान रहे कि जिले में कुल 5 लाख 35 हजार 792 राशन कार्ड हैं। ई केवाईसी के लिए सभी राशन दुकानों में ई पास मशीनें दी गई हैं। जिसके जरिए बायोमेट्रिक आधार पर ही राशन दिया जाना है। ऐसे में जिन लोगों के आधार कार्ड राशन कार्ड से लिंक नहीं हुए हैं उनके लिए परेशानियां हो सकती हैं।

### घर पर करा सकेंगे ई केवाईसी

सभी उपभोक्ताओं और गैस कनेक्शनधारकों को बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराना है। इसकी तिथि 31 मार्च तक के लिए बढ़ा दी गई है। अभी तो 30 प्रतिशत तक ही ई केवाईसी हो सकी है। उपभोक्ता घर पर भी ई केवाईसी करा सकते हैं इसके लिए व्यवस्था बनाई जा रही है। डिलीवरी बॉय से ई-केवाईसी करवाने व ग्राम पंचायत मुख्यालय पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भी ई केवाईसी की सुविधा प्रदान की जा रही है। ताकि उपभोक्ताओं का एजेंसी तक पहुंचने और लाइन में लगने का समय खराब ना हो।

- रोहित कुजूर, मैनेजर, आईओसीएल

## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम बनाने का किया स्वागत

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा बिलासपुर में अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की स्थापना की घोषणा का स्वागत किया है। समिति ने कहा कि एयरपोर्ट के कारण यह निर्णय बोर्ड ने लिया गया है। वहीं एयरपोर्ट को शीघ्र ही 4सी एयरपोर्ट का दर्जा मिलेगा। हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति ने एयरपोर्ट के विकास कार्यों की समीक्षा की। बाउंड्रीवाल और नाइट लैंडिंग का अपेक्षित गति से नहीं चल रहा है। शेड्यूल के अनुसार दिसम्बर के माह में नाइट लैंडिंग लाइसेंस का आवेदन दिया जाना था, लेकिन निर्माण कार्यों के चलते यह हो नहीं पा रहा है। वहीं राज्य सरकार से 90 करोड़ की राशि मिल जाने के बाद एयरपोर्ट और रनवे विस्तार के लिए भूमि का हस्तांतरण नहीं किया गया है। समिति ने मांग की है कि अन्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की घोषणा के बाद इन कामों में तेजी लाने जिला प्रशासन और एएआई फौरी कार्रवाई करे। इस दौरान राकेश शर्मा, गोपाल दुबे, बद्री यादव,संजय पिल्ले, विजय वर्मा, अमर बजाज, पवन पाण्डेय, महेन्द्र गंगोत्री, चन्द्र प्रकाश जायसवाल, मनीष लाहोरानी, मनोज तिवारी, सुदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।

### खाली प्लाट में लगी आग, पाया काबू

**बिलासपुर।** बीती रात खाली प्लाट के कचरे में भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गई। प्लास्टिक का कचरा होने से दूसरे दिन भी आग भभकती रही, दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। तोरवा टीआइ कमला पुसाम ठाकुर ने बताया, देवरीखुर्द में मनोज अग्रवाल की खाली प्लाट है, जिसे एक कबाड़ी किराए में लेकर कबाड़ दुकान चला रहा था। 15 दिन पहले कबाड़ी ने प्लाट खाली कर कीमती कबाड़ का सामान दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया है। प्लाट में वेस्ट प्लास्टिक व पालीथीन थी। शुक्रवार को देर रात कचरे में आग लग गई। वेस्ट प्लास्टिक व पालीथीन होने से आग ने फैलते हुए भीषण रूप ले लिया था। 4 दमकल पानी से आग पर काबू पा लिया गया था। शनिवार की सुबह एक बार फिर आग भभकने से दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है।

### ट्रक-बस में भिड़ंत बाल बाल बचे यात्री

**बिलासपुर।** ट्रक - बस में भिड़ंत होने से यात्रियों में कोहराम मच गया। बहरहाल सभी यात्री सुरक्षित हैं। वहीं बस व ट्रक क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पुलिस ने दोनों गाड़ियों को सड़क किनार लगा दिया है।
रतनपुर टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, शनिवार की रात बस क्रमांक सीजी 04 ईए, 0645 कोरबा की ओर से यात्री लेकर लौट रहा था। रात 8 बजे खूंटाघाट के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 डीडी, 2355 के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बस को टक्कर मार दी। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में कोहराम मच गया। आसपास के लोगों के द्वारा यात्रियों को बस से बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित थे, किसी को चोट नहीं आई थी जिससे पुलिस ने राहत की सांस ली। हादसे में ट्रक व बस क्षतिग्रस्त हो गए हैं। दोनों वाहनों को सड़क किनारे खड़ाकर आवागमन सामान्य कराया गया है।

### शराब नहीं खरीदने पर होटल संचालक ने पीटा

**बिलासपुर।** शराब नहीं खरीदने पर होटल संचालक ने युवक को बेरहमी से पीट दिया है। पुलिस ने होटल संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, काठाकोनी निवासी ईश्वर यादव पिता रघुनंदन यादव प्लंबर है। 29 दिसंबर की रात 9 बजे वह अपने दोस्त वासुदेव के साथ सत्यम होटल में शराब पीने गया। होटल संचालक सत्यम नायडू ईश्वर यादव को कहा तुम हमेशा पप्पू नायडू से शराब खरीदते हो, यहां से शराब क्यों नहीं खरीदते हो कहकर गाली देने लगा। उसने गाली देने से मना किया किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी से बेरहमीपूर्वक पिटाई कर दी। उसने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने हमलावर होटल संचालक के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

कार्रवाई : निर्माण सामग्री की गई जब्त

# मोपका में दूसरे दिन भी चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोपका स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 993/1 में अवैध प्लाटिंग व बेजा कब्जा के मामले में दूसरे दिन भी कार्रवाई जारी रही। नगर निगम के भवन शाखा, अतिक्रमण शाखा की टीम द्वारा शासकीय जमीन पर बनाए गए सड़क को बुलडोजर के माध्यम से उखाड़ दिया गया और निर्माण सामग्री को जब्त कर लिया गया है।

शहर में शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा के खिलाफ नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को राजस्व, नगर निगम और पुलिस की टीम द्वारा मोपका स्थित शासकीय जमीन पर अवैध प्लाटिंग, बेजा कब्जा मामले में कार्रवाई की गई थी जो शाम हो जाने के कारण अधूरी रह गई थी। राज्य शहरी विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के पत्र एवं राजस्व अनुविभागीय अधिकारी बिलासपुर के निर्देश के परिपालन में नगर निगम आयुक्त को मोपका पटवारी हल्का नंबर 29 स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 993/1 रकबा 57.475 हेक्टेयर में से 6.00 हेक्टेयर भूमि आबंटित की गई है, जिसका कब्जा तत्कालीन आयुक्त द्वारा लिया गया था। इस भूमि पर प्रोप्राइटर आर्यन इन्क्लेव, यश बाजार के पास राजकिशोर नगर मोपका बिलासपुर द्वारा 475 फुट लंबा और 40 फीट चौड़ा कच्चा रास्ता निर्माण किया गया था एवं मौके पर दो होल्डिंग प्रदर्शित करते हुए लगभग 2 एकड़ भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी तथा प्रोप्राइटर आर्यन इन्क्लेव द्वारा निर्माण सामग्री रखे जाने के लिए स्टोर एवं आफिस निर्माण करा लिया गया था।

इस निर्माण कार्य पर तहसीलदार द्वारा स्थगन दिया गया था। इसके अलावा मोपका निवासी श्रीमती रमशीला साहू वं भागवत साहू द्वारा किए गए अवैध कब्जा पर कार्रवाई करते हुए तहसीलदार द्वारा बेदखली आदेश जारी किया गया था। शुक्रवार को पटवारी आलोक तिवारी, निगम भवन अधिकारी सुरेश शर्मा, जोन कमिश्नर संदीप श्रीवास्तव, अतिक्रमण प्रभारी प्रमिल शर्मा, उप अभियंता जुगलकिशोर सिंह, पटवारी हरीश जैन, उप अभियंता शशि वारे व प्रीति कुवर की टीम पुलिस बल के साथ कार्रवाई करने गई थी। शाम तक जेसीबी मशीन से तोड़फोड़ की कार्रवाई करने के बाद टीम लौट आई थी। आज फिर निगम के भवन व अतिक्रमण शाखा की टीम जेसीबी मशीन के साथ मोपका स्थित उक्त शासकीय जमीन पर कार्रवाई करने पहुंची और वहां पर अवैध प्लाटिंग, बेजा कब्जा कर बनाए गए कच्ची-पक्की सड़क को उखाड़ दिया गया। इसके अलावा वहां पर जो निर्माण सामग्री पड़ी थी उसे निगम टीम द्वारा जब्ती कर ली गई है।



शनिवार को सोनगंगा कालोनी में नगर निगम ने अतिक्रमण की जगह को खाली कराया।

### सोनगंगा कालोनी के गार्डन में बाउंड्रीवाल बनाकर किया अतिक्रमण

सोनगंगा कालोनी के गार्डन में बाउंड्रीवाल बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया था, जिसे नगर पालिक निगम ने बेदखली की कार्रवाई करते हुए तोड़ दिया। वहीं मोपका की सरकारी जमीन में अतिक्रमण हटाने की कल की कार्रवाई में बचे अतिक्रमण को भी आज हटाया गया। सोनगंगा कालोनी में खसरा नंबर 171/2 में कालोनी का गार्डन है। उक्त भूमि में सचिन दिघ्रसकर ने बाउंड्रीवाल बनाकर अतिक्रमण कर लिया था। जिसकी शिकायत कलेक्टर से की गई थी। राजस्व विभाग ने जांच के बाद अतिक्रमण पाया गया, जिसके बाद कार्रवाई की गई।

### कुछ रसूखदारों का कब्जा बाकी

निगम और राजस्व विभाग की टीम ने मोपका स्थित जिस शासकीय भूमि खसरा नंबर 993/1 में अवैध प्लाटिंग, बेजा कब्जा मामले में कार्रवाई की है, उसी शासकीय जमीन में कुछ रसूखदारों का कब्जा अभी भी बचा है, जिस पर कार्रवाई नहीं की गई है।

### की गई है कार्रवाई

मोपका स्थित खसरा नंबर 993/1 वाली शासकीय जमीन पर एक दिन पहले अवैध प्लाटिंग, बेजा कब्जा हटाने, बेदखली की कार्रवाई की गई थी। वहां पर कार्रवाई अधूरी रह गई थी इसलिए आज फिर से टीम कार्रवाई के लिए वहां पहुंची और जेसीबी मशीन से अवैध सड़क निर्माण को उखाड़ा गया है।

-सुरेश शर्मा, भवन अधिकारी, नगर निगम

# लोकसभा चुनाव के बाद शहर का तीव्र होगा विकास: अमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर विधायक अमर अग्रवाल का कहना है कि दो माह पश्चात लोकसभा का चुनाव होने जा रहा है। इसलिए चुनाव के बाद बिलासपुर शहर का तीव्र विकास होगा। उन्होंने यातायात की समस्या को शहर की गंभीरत समस्या बताते हुए कहा कि इसके लिए पूरा आंकलन करके यातायात को व्यवस्थित किया जाएगा। लोकसभा चुनाव लड़ने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि राजनीति में कयास लगते रहते हैं, मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं और कार्यकर्ता होने के नाते सदैव भूमिकाएं बदलती रहती है।



■ यातायात को बताया गंभीर समस्या

शहर विधायक अमर अग्रवाल ने शनिवार को बिलासपुर शहर के विकास के लिए पत्रकारों से परिचर्चा की। इस दौरान उन्होंने बताया कि बिलासपुर में 200 करोड़ रुपए की लागत से स्किल डेवलपमेंट का जो ट्रेनिंग सेंटर केन्द्र सरकार ने स्वीकृत किया है। उसमें लगभग 10 हजार युवक वहां ट्रेनिंग लेंगे। इसके लिए जमीन हो गई है और इसकी प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ कराएंगे। इसी तरह बीबीसीआई ने भी यहां 15 एकड़ जमीन का प्रस्ताव दिया है, जिससे यहां रणजी ट्राफी यहां हो सके। इसके लिए जमीन की खोजबीन जारी है। श्री अग्रवाल ने बताया कि इसके अलावा शहर के अधूरे काम को समय पर पूरा कराना है। खासकर यातायात की समस्या बिलासपुर की गंभीर समस्या के रूप में बढ़ती जा रही है, उसका एक पूरा आंकलन करके योजना बनाई जाएगी। क्योंकि इसके लिए बहुत से अप्रिय निर्णय करने पड़ेंगे, इसलिए अलग-अलग बाजार के लोगों के साथ बैठना और उनके सामने प्रस्ताव को रखना तथा सहमति के आधार पर यहां के यातायात को व्यवस्थित करना है।

### कार्ययोजना बनाकर बैराज, सड़क का काम पूरा कराएंगे

शहर विधायक श्री अग्रवाल ने बताया कि कल मंत्रीमंडल का विभागों का बंटवारा हुआ है, उसकी कार्ययोजना बनाकर कि जो बैराज बनें है वे जल्दी कैसे पूरा हो, ये जो सड़क अधूरी है वह निगम के हाथ में है पूरा हो जाए। अमृत मिशन जल्दी चालू हो जाए और यातायात हिसाब से काम पूरा हो जाए तथा अरपा का पूरा डेवलपमेंट है, वह विकास प्राधिकरण के माध्यम हो जाए। ये सारी प्रक्रिया हम प्रारंभ करेंगे, क्योंकि दो माह बाद आचार संहिता लगेगी और लोकसभा चुनाव के बाद यहां तीव्र गति से विकास होगा। हवाई सेवा विकास के लिए पहले ही कहां है कि यह जमीन को एयरपोर्ट अथारिटी को दिखवाकर पूरी तरह तैयार करवाना है उसकी भी प्रक्रिया प्रारंभ कराना है ताकि बोइंग आ जाए, एयरबस आ जाए।

### शहर में जीरो टारलेंस की तर्ज पर काम

शहर से अपराध समाप्त करने के प्रश्न पर श्री अग्रवाल का कहना है कि मैं ऐसा मानता हूं कि बिलासपुर में अपराध जीरो टारलेंस की तर्ज पर मैं काम करूंगा, यहां अपराध का कोई स्थान नहीं है। छत्तीसगढ़ में खजाना खाली के सवाल पर उनका कहना है कि मैं पुरानी व्यवस्थाओं में अब जाना नहीं चाहता जो भी व्यवस्था हमको मिली उसको चुनौती पूर्ण स्वीकार करके मोदी गारंटी को पूरा करेंगे और इस प्रदेश का विकास करेंगे। उन्होंने बताया कि अभी तो सरकार बने एक माह भी नहीं हुआ है और दो माह बाद लोकसभा चुनाव हो रहा है तो जो अधूरा काम है उसे एक-डेढ़ साल में पूरा करेंगे और जो भविष्य की योजनाएं हैं उसकी नींव अभी डालेंगे। बिलासपुर से अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेन प्रारंभ होने पर श्री अग्रवाल ने रेलवे व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यहां के लोगों को रामलला के दर्शन हों, वैसे हमारी मोदी गारंटी 23 में भी कमिटमेंट किया है जो बुजुर्ग तीर्थ योजना चलती थी, उसमें रामलला के दर्शन कराएंगे। रामलला 22 जनवरी को स्थापित हो रहे हैं और वास्तव में यह पूरा विश्व का एक आध्यामिक केन्द्र भी होगा और एक पर्यटन केन्द्र भी होगा और पूरे दुनिया में अयोध्या का नाम होगा।

# जीआरपी ने सालभर में 7 पिस्टल व 63 तस्करों से 930 किलो गांजा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रेनों में दूसरे राज्यों से हथियार और अवैध शराब और गांजे की तस्करी रोकने के लिए ट्रेनों में लगातार सर्चिंग और रेलवे पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

■ 45 लाख की 65 किलो चांदी, 1 लाख 19 हजार की 106 लीटर शराब बरामद

पिछले एक साल में जीआरपी एंटी क्राइम टीम ने 1 करोड़ 86 लाख रूपए की 930 किलोग्राम गांजा और नशीले पदार्थ के साथ एनडीपीएस के तहत 63 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा आर्म्स एक्ट में 7 पिस्टल,16 जिंदा कारतूस के साथ 4 आरोपी को गिरफ्तार किया। ट्रेन में अवैध रूप से एक लाख 19 हजार रूपए का 106 लीटर शराब भी पकड़ा साथ ही 45 लाख 50 हजार रूपए की 65 किलों चांदी भी रेलवे पुलिस ने इस वर्ष जब्त की। ट्रेनों में नशे के सौदागरों और अपराधियों को पकड़ने रेल पुलिस अधीक्षक जेआर ठाकुर के निर्देश पर गठित जीआरपी एंटी क्राइम टीम ने बिलासपुर जोन से गुजरने वाले सभी ट्रेनों में निरंतर अभियान भी चलाया और शराब, गांजा, हथियार सप्लाई करने वाले गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया।

### आरोपी से जब्त किया 3 लाख 80 हजार का गांजा



जीआरपी ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 पर फुटओवर ब्रिज के नीचे बैठे एक व्यक्ति के पास से 19 किलो ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। जीआरपी एंटी क्राइम की टीम 30 दिसंबर को बिलासपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर रही थीं। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर प्लेटफार्म नंबर 4 पर फुटओवर ब्रिज के नीचे बैठे एक व्यक्ति से पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना नामगणेश पाल पिता कमल पाल उम्र 31 वर्ष श्रीरामपुर (पश्चिम बंगाल) बताया। उसके पास से 19 किलोग्राम गांजा मिला जो वह अंगुल से नई दिल्ली ले जा रहा था। जब्त गांजा की क्रीमत लगभग 3 लाख 80 हजार रुपए आंकी गई है। जीआरपी ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बिलासपुर स्टाफ़ जीआरपी, एंटी क्राइम टीम के आरक्षक, लक्ष्मण गाइन, संतोष राठौर, सौरभ नागवंशी, मन्नु प्रजापति का विशेष योगदान रहा।

### लंबी दूरी की ट्रेनों में अवैध परिवहन

रेल पुलिस अधीक्षक जेआर ठाकुर ने बताया कि ट्रेनों के यात्रियों और सामानों के परिवहन में अग्रणी भूमिका निभाता है। इसके व्यापक नेटवर्क के कारण अपराधी लंबी दूरी की ट्रेनों का उपयोग कर गांजा, चांदी-सोना, पिस्टल की विभिन्न राज्यों में तस्करी करते हैं।

### दो कोचियों को थाने से बिना कार्रवाई के छोड़ा

**बिलासपुर।** शुक्रवार की रात रतनपुर थाना के पास पेट्रोलिंग पार्टी बाइक में अवैध शराब ले जा रहे दो कोचियों को पकड़कर थाने ले गई। कुछ देर बाद दोनों कोचियों को बिना कार्रवाई के छोड़ दिया गया है। शुक्रवार की रात 9.30 बजे रतनपुर थाना के पेट्रोलिंग पार्टी ने मुखबिर की सूचना पर थाना के पास घेराबंदी करते हुए बेलगहना की ओर से आ रहे बाइक सवार दो कोचिया को पकड़ लिया। बताया जाता है तलाशी लेने पर उनके पास 80 लीटर शराब मिली। पेट्रोलिंग पार्टी दोनों कोचियों को कार्रवाई के लिए थाने लेकर गई। महज आधा घंटा बाद दोनों कोचियों को बिना कार्रवाई के थाने से छोड़ दिया गया है। इस संबंध में रतनपुर थाना के टीआई देवेश सिंह राठौर का कहना है कि वे शुक्रवार की रात धारा 363 के मामले में दस्तायाब करने बिलासपुर आ गए थे। रात में स्टाफ के द्वारा एक व्यक्ति के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करने की जानकारी दी गई थी। अवैध शराब पकड़ने की जानकारी नहीं दी गई।

# नाले में युवक की लाश मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नाले में युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। उसके पास से रेलवे की टिकट व आधी भरी हुई शराब की बोतल मिली है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।



■ तितली चौक रेलवे स्टेशन वाले रोड में युवक की लाश, जांच में जुटी पुलिस

तोरवा टीआई कमला पुसाम ठाकुर ने बताया, शनिवार की सुबह आटो वालों ने तितली चौक रेलवे स्टेशन वाले रोड में एक युवक की लाश पड़ी देखी, मौके पर मार्निगवाक पर निकले लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। स्वीपर के सहयोग से नाले से युवक का शव बाहर निकाला गया। तलाशी लेने पर उसके पास दो ट्रेन की टिकट मिली है, जो इंदौर से इटारसी जाने वाली है। उसके हाथ में गोदना से एनटीआर लिखा हुआ है और कुछ टेटू बना हुआ है। मृतक के पास शराब की बोतल भी मिली है। संभावना जताई जा रही है कि नशे में नाले में गिरने से मौत हो गई होगी।

बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

# बुलेट सवार ने स्कूटी को मारी टक्कर, छात्रा घायल

**बिलासपुर।** सामान खरीदकर स्कूटी से घर लौट रही छात्रा को तेज रफ्तार बुलेट सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा का हाथ फैक्चर हो गया है। पुलिस ने बुलेट सवार के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, दुर्ग नेवई निवासी खुशी डिडेंकर पिता अशोक कुमार डिंडेकर राजकिशोर नगर राजीव विहार में किराए के मकान में रहकर बीए की पढ़ाई कर रही है। 6 दिसंबर को वह अपनी सहेली सौम्या के साथ विशाल मेगा मार्ट सामान खरीदने से सीपत रोड गई थी। सामान खरीदने के बाद दोनों स्कूटी क्रमांक सीजी 07 एएच, 7353 से लौट रही थीं। खमतराई चौक के पास बुलेट क्रमांक सीजी 10 बीपी, 8885 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में खुशी डिडेंकर का बांया हाथ फैक्चर हो गया था। परिचित दिव्यांशु राजपूत के द्वारा उन्हें इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। इलाज कराने के बाद 29 दिसंबर को छात्रा ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बुलेट चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 338 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा ● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

बदलते मौसम में सिर दर्द को अनदेखा करना बन सकता है...
ब्रेन स्ट्रोक
पैरालिसिस
माइग्रेन
ब्रेन ट्यूमर
जैसी खतरनाक बीमारी का कारण
Dr. Neelam Sahu Puri
MBBS, MD, DrNB
Neurology Consultant
इलाज के लिए हमारे विशेषज्ञ से परामर्श लें...
मार्क हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
गीता पैलेस के पास, कपिल नगर, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)
संपर्क करें : 9109969722, 9039028850
#MGR

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

30 -DEC-REGNOL-Pg-3_Layout 1 12/31/2023 12:09 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### लालाकापा में मनी गुरु घासीदास जयंती



**मुंगेली।** ग्राम पंचायत लालाकापा में बाबा गुरु घासीदास जयंती मनाई गई। दिन में चौका एवं रात्रि में पंथी नृत्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच संघ अध्यक्ष रेखचंद कोशले थे। सरपंच संघ अध्यक्ष श्री कोशले ने कहा कि भेदभाव को छोड़ मनखे-मनखे एक बरोबर गुरु घासीदास के विचारों पर चले। कार्यक्रम आयोजक धर्मेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास ने सत्य के मार्ग पर चलने के लिए समाज को संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चातरखार सरपंच रेश कुमार दिवाकर, जनपद सदस्य चंद्रमुखी सिंह, विश्वधर सिंह, पंकज सिंह, खुमान भास्कर, लव सतनामी, कुमान ओगरे, लक्ष्मीनारायण, महेश यादव, आयोजक धर्मेन्द्र चतुर्वेदी, ज्ञानचंद, एकेश्वर, बलवन, राजेश, देवचंद, रोशन, राकेश, शिवनाथ, गोविंद, ज्ञानचंद आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### पेंड्रा ब्लाक मुस्लिम समाज का चुनाव सम्पन्न



**पेंड्रा।** पेंड्रा जनपद स्कूल अटल भवन में पेंड्रा ब्लाक मुस्लिम समाज के द्वारा बैठक आहूत की गई। बैठक में मुस्लिम समाज के लोगों की उपस्थिति में वोटिंग पद्धति से पदाधिकारियों का चुनाव कराया गया। जिसमें मोहम्मद सज्जाद कुरैशी अध्यक्ष पद के लिए, इरशाद इराकी उपाध्यक्ष, निसार खान, सचिव निर्वाचित हुए। तथा कोषाध्यक्ष पद क़े लिए मोहम्मद परवेज, व संरक्षक मंसूर खान को एवं विधिक सलाहकार मोहम्मद जमील अहमद व संयोजक मोहम्मद सादिक खान को सर्व सहमति से चुना गया। बैठक में अंजुमन कमेटी के सदर मोहम्मद युसूफ, सचिव सादिक खान, खजांची अमीर अहमद, फिरोज खान, दिलसाद इराकी, राजू कुरैशी, इनामुल अंसारी, वहदर अंसारी, सफील खान, कामिल, सलमान कुरैसी, मक़सूद राइन,सैफ कुरैशी, जाहिर इराकी, आजम इराकी, लतीफ गिरारी, जावेद खान, हैदर कुरैशी, वसीम अंसारी,एवं समस्त मुस्लिम समाज पेंड्रा ब्लाक के सदस्य उपस्थित रहे।

### बघनी भांवर, चेचानडीह के ग्रामीणों को दी गई केंद्र की योजनाओं की जानकारी



**लोरमी।** ग्राम पंचायत बघनी भांवर एवं चेचानडीह में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन गुरुवार को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक किया गया। 16 नवम्बर को शुरू हुई, यह संकल्प यात्रा का उद्देश्य देश में लोगों को केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताना और उसका लाभ उठाने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। शासकीय प्राथमिक शाला जमुनाही, बघनी भांवर, बघर्रा के बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं का गोद भराई कराया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत के सीईओ राजीव तिवारी, पशु चिकित्सक डॉक्टर प्रमोद नामदेव, एबीईओ राजेन्द्र निर्मलकर, एडीईओ जनपद श्रवण चतुर्वेदी, कृषि विभाग से धनंजय कुर्रे, सुषमा नवरंग, सीईओ मनरेगा इम्तियाज अली, सरपंच मोगरा बाई, उपसरपंच रामनाथ साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राजकुमारी साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पंचायत सचिव संघ के महेंद्र अध्यक्ष, सुनील सचिव



**मुंगेली।** पंचायत सचिव संघ की बैठक में महेंद्र सिंह ठाकुर को जिलाध्यक्ष एवं सुनील जांगड़े को निर्विरोध जिला सचिव बनाया गया। जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि संघ की मांगों को लेकर वे शासन तक पहुंचाने एवं सचिवों के हित में कार्य करेंगे। बैठक में संघ के वीरेंद्र कोशले, पासवान बंजारा, शेरदास बंजारे, लिखन भास्कर, सुभास भार्गव, चंद्र प्रकाश पात्रे, राजेन्द्र नवरंग, मालिक राम अनंत, शिवप्रसाद राय, सिद्धराम जोशी, व्यासनारायन लहरे, भुनेश्वर प्रसाद जायसवाल, संतोष साहू, नागेंद्र सिंघरौल, उद्धव साहू, मोतिचरण कुर्रे, पूनमचंद टण्डन, कोमल दास कोशले, घनश्याम चतुर्वेदी, रामकुमार बघेल, अश्वनी कश्यप, सुशील ठाकुर आदि सचिवगण उपस्थित थे।

## रात में प्रशासन व पुलिस की मदद से बैंक खुला

# राशि नहीं मिलने पर किसानों ने बैंक में लगाया ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

जिला सहकारी बैंक की स्थानीय शाखा में शुक्रवार को किसानों को धान के बोनस की राशि का भुगतान नहीं मिलने से गुस्सा फुट पड़ा और उन्होंने बैंक में तालाबंदी कर दी। शाम 8 बजे प्रशासन व पुलिस के हस्तक्षेप से मामला हुआ शांत हुआ।

■ बोनस की राशि पाने सहकारी बैंकों में लग रही कतार

शासन द्वारा धान का बोनस एवं धान खरीदी के भुगतान को लेकर दिन शुक्रवार सुबह से रात लगभग 8 बजे तक राशि का इंतजार कर रहे किसानों का धीरज जवाब दे गया। आक्रोशित किसान नारेबाजी करने लगे। बैंक कर्मियों द्वारा अंदर से ताला लगाने और राशि नहीं होने की बात कहने पर किसानों ने बैंक में बाहर से ताला जड़ दिया।

जानकारी के अनुसार ग्रामीण किसानों ने बताया की राशि आहरण फॉर्म शुक्रवार सुबह 9 बजे से जमा किए गए थे। उसका भुगतान चल रहा था। इस बीच बैंक कर्मियों द्वारा मिली भगतकर रसूखदार एवं पहुंच वाले कृषकों को अंदर खाने भुगतान करना प्रारंभ कर दिया। जिससे आक्रोशित होकर किसानों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया। बैंक कर्मियों के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। दोपहर में बैंक द्वारा राशि नहीं होने की बात कह दी गई और राशि आने पर भुगतान की जानकारी दी और अंदर से ताला लगा दिया। इसी बीच किसी कृषक के द्वारा गेट में तालेबंदी कर दी गई जिसका पता चलने पर बैंक गर्मियों द्वारा पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग देकर मामले को शांत कराया।



### बुजुर्ग महिला राशि के लिए बैठी रही

ग्राम गोइंद्रा की बुजुर्ग महिला बाईसाखिन केवट ने बताया की सुबह से राशि निकलवाने के लिए वह बैंक आई थी, लेकिन रात 8 बजे तक उसे राशि नहीं मिली। देर रात तक महिला बैंक के बाहर अपने पैसे के लिए बैठी रही।

### शनिवार दोपहर को किसानों को मिली राशि

शुक्रवार से राशि प्राप्त करने इंतिजार कर रहे किसानों के लिये शनिवार 2 बजे से पहले बैंक मे राशि नहीं आया था जिसे सैकड़ो किसान राशि का इंतजार करते रहे। दोपहर 2:00 बजे के बाद राशि का भुगतान किया जाना चालू किया गया जिससे 2 दिन पूर्व के भी कृषकों को मायूस होकर लौटना पड़ा।

### कड़े निर्देश दिए गए

किसानों से समस्या की जानकारी ली गई है। बैंक अधिकारी को क्रमबद्ध कर भुगतान करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों से चर्चा कर लिमिट बढ़ाने की बात मंजूर की गई है, ताकि किसानों को भुगतान हो सके।

**बीआर ठाकुर**, एसडीएम, पथरिया

## सहकारी बैंक में स्टाफ की कमी का खामियाजा भुगत रहे किसान

**भर्रीडांड़।** जीपीएम जिले के अन्नदाता अपने खून पसीने की कमाई को पाने के लिए जिला सहकारी बैंक में सुबह से शाम तक चक्कर लगाते रहते हैं। पैसे नहीं मिलने पर वापस अपने गंतव्य की ओर लौट जाते हैं। कार्यालय में स्टाफ की कमी के कारण दूर दूर से आए किसान भूखे प्यासे बैठे रहते हैं लेकिन उन्हें पैसे नहीं मिलते।

■ दूर-दूर से आए किसानों को नहीं मिल रहा पैसा

जिला सहकारी बैंक के उपभोक्ता किशान कामता प्रसाद धुममाटोला, चन्द्रभान सिंह, छत्रपाल अमेरा टिकरा, रामसिंह सचराटोला ,राजूराय बरगवां ने बताया कि दो माह बीतने को है धान खरीदी का अभी, अभी राज्य सरकार के द्वारा विगत दो वर्षों का बोनस किसानों के खाते में हस्तान्तरित किया गया है लेकिन बैंक के सामने बैठे हुए किसानों को अपना ही पैसा नहीं मिल पा रहा है। बैंक सिर्फ एक कर्मचारी के भरोसे चल रहा है। बैंक में केवल एक स्टाफ है जिसके द्वारा पैसा वितरण किया जाता है। एक केशियर और प्रबंधक लम्बे दिनों से छुट्टी पर है लेकिन यहां कोई बैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। जिसका खामियाजा वनांचल के अन्नदाताओं को भुगतना पड़ रहा है। इसकी जानकारी प्रबंधकों है फिर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। किशान भोजराज दीक्षित इनका कहना है कि जिला सहकारी बैंक ने ग्राहकों की सेवा को आसान बनाने के लिए एटीएम जारी किया है लेकिन वर्तमान में सारे एटीएम को ब्लाक कर दिया गया है। बैंक आरबीआई के द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन नहीं कर रहा है। वहां मौजूद कर्मचारियों से पूछने पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है। एटीयम कार्ड ग्राहक सेवा केंद्र में फोन करने पर नेटवर्क नहीं होने का हवाला दिया जाता है कि एक घण्टे बाद काल करिये और एक घण्टे बाद भी वही हाल रहता है। किसान प्रकाश चन्द राय एवं समाज सेवक का कहना है कि मरवाही विकास खण्ड के इतने बड़े ऐरिया को देखते हुए तीन काउंटर होना चाहिए जिससे किसानों की समस्याओं का निदान हो सके और पैसा भी इतना कम आता है कि एक घण्टे में ही खत्म हो जा रहा है। किसानों को बैरंग लौटना पड़ता है।



### कर्मचारियों की है कमी

जिला सहकारी बैंक के जिला नोडल अधिकारी विनय कुमार साहू ने बताया कि गौरेला, पेंड्रा, मरवाही, तीनों जगह कर्मचारियों की कमी है जिसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को पत्र के माध्यम से विगत दो वर्षों से दी जा रही है फिर भी यहां कोई भी कर्मचारी आने को तैयार नहीं है। अगर आते भी हैं तो ट्रांसफर करवा के लौट जाते हैं अभी धान खरीदी और बोनस का पैसा आया है इसकी वजह से भीड़ है। धीरे धीरे भी कम हो जाएगी। एटीएम अभी ब्लाक किया गया है क्योंकि कुछ लोग मिस यूज कर रहे हैं। किसानों का एटीएम लेकर पैसा निकाल रहे हैं एटीएम भी शीघ्र शुरू हो जाएगा।

### जल्द होगा समस्या का समाधान

जिला सहकारी बैंक में कर्मचारियों की कमी की जानकारी मिली है। विभाग से जानकारी मांगी गई है। कल ही मंत्रिमंडल को विभाग मिला है। सम्बन्धित मंत्री से चर्चा कर समस्या का जल्द ही समाधान करेंगे।

**प्रणव कुमार मरपच्ची**, विधायक, मरवाही

## जिला अस्पताल में अब तक 1739 की आंखों का किया गया ऑपरेशन



**मुंगेली।** नेत्र चिकित्सालय जिला अस्पताल में अब तक 1739 मरीजों की आंखों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र तिलईडबरा, सुरही, कटामी सहित जिले से लगे दूसरे जिले नवागढ़, पण्डरिया, कुण्डा, संबलपुर, कठौतिया, दाढ़ी आदि जगह से भी मरीज आंखों के ऑपरेशन के लिए पहुंच रहे है। जिला अस्पताल में स्थित नवनिर्मित नेत्र चिकित्सालय का शुभारंभ जनवरी के दूसरे सप्ताह में हुआ। नेत्र चिकित्सालय के शुभारंभ से अब तक 1739 मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। मोतियाबिंद मुक्त जिला अभियान के अंतर्गत जिले में मोतियाबिंद के मरीजों का सर्वे कर उन्हे निःशुल्क ऑपरेशन के लिये जिला अस्पताल में आने के लिए कहा जा रहा है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमके राय ने बताया कि जिला अस्पताल परिसर में 40 बिस्तर नेत्र चिकित्सालय का अलग से भवन तैयार कर प्रतिदिन 21-22 ऑपरेशन किये जा रहे है।

## डीजे संचालकों की बैठक लेकर दिए गए निर्देश

**मुंगेली।** नए वर्ष के कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्येश्य से पुलिस द्वारा डीजे संचालकों की बैठक ली गई। थाना/चौकी प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के डीजे संचालकों की बैठक ली। क्षेत्र के राजस्व अधिकारी भी सम्मिलित हुए। सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाइन्स के अनुसार डीजे संचालित करने, निर्धारित आवाज एवं निर्धारित समय में डीजे संचालित करने की समझाइश दी गई।

नये वर्ष 2024 के कार्यक्रम के दौरान जिले में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्येश्य से समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों के डीजे संचालकों की बैठक ली गई। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के गाईड लाईन्स अनुसार डीजे संचालित करने, कार्यक्रम की पूर्व अनुमति सुनिश्चित करनें, निर्धारित डेसीबल में डीजे बजाने एवं निर्धारित समय में ही डीजे बजाने की समझाईश दी गई है। इसी क्रम में थाना मुंगेली में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुंभकार, तहसीलदार मुंगेली शेखर पटेल एवं निरीक्षक गौरव पाण्डेय द्वारा बैठक ली गई। जिसमें डीजे संघ के अध्यक्ष तरूण पाटले एवं क्षेत्र के डीजे समस्त संचालक सम्मिलित हुए। इसी प्रकार थाना पथरिया में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भरोसाराम ठाकुर, तहसीलदार सुश्री छाया अग्रवाल, उपनिरीक्षक अमित कुमार गुप्ता, थाना लोरमी में उपनिरीक्षक श्रीमती शोभा यादव, थाना लालपुर में उपनिरीक्षक लक्ष्मण खुंटे, थाना चिल्फी में उपनिरीक्षक सत्येन्द्रपुरी गोस्वामी, थाना जरहागांव में उपनिरीक्षक नंदलाल पैकरा, थाना फास्टरपुर में सउनि विजय राजपूत एवं थाना सरगांव में उपनिरीक्षक विरेन्द्र क्षत्रिय, प्रधान आरक्षक लोकेश राजपूत द्वारा बैठक ली गई।



## सेतगंगा में लगा सद्भावना शिविर



**सेतगंगा/मुंगेली।** ग्राम पंचायत सेतगंगा मेला परिसर में 30 दिसंबर को आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के तत्वावधान में अस्पृश्यता निवारण एवं सद्भावना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए एचडी डहरिया ने संविधान के माध्यम से दिए गए समानता के अधिकार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जनपद सदस्य श्री टोन्डर ने सद्भावना शिविर के अवसर पर महापुरुषों द्वारा छुआ छूत को मिटाने एवं समानता को स्थापित करने के लिए किये गए प्रयासों की विधिवत जानकारी दी। प्री मेट्रिक अनुसूचित बालक छात्रावास सेतगंगा के अधीक्षक वीरेंद्र कुमार टंडन ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बाबा गुरु घासीदास मंदिर सेतगंगा पुजारी सेरवा घृतलहरे, संकुल समन्वयक बीजातराई अरुण टंडन, पोस्ट मेट्रिक सेतगंगा अधीक्षक एके बंजारा, फागू घृतलहरे, लाला राम टंडन, मनोहर कुर्रे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन एचडी डहरिया ने किया।

## जिले में बिना परमिट, फिटनेस, प्रदूषण प्रमाण पत्र, के चल रहे वाहन

**पेंड्रा।** पेंड्रा गौरेला क्षेत्र में सेमरा तिराहा, मढ़ना ओवरब्रिज तथा लालपुर चौक ,दानिकुण्डी तिराहा और बसंतपुर मोड़ पर चेकिंग पॉइंट लगाकर मोटर व्हीकल एक्ट 1988 , मोटर व्हीकल रूल 1989 एवं सीजी मोटर व्हीकल रूल1994 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने व अनिमितता पाये जाने पर कार्रवाई कर एक लाख रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। कार्रवाई में 100 से अधिक कमर्शियल वाहनों की जांच की गई और 35 वाहन चालकों पर कार्रवाई सहित कुल 35 वाहनों से एक लाख शमन शुल्क वसूल किया गया। इस दौरान ज़िले से गुजरने वाली सभी बसों, ट्रकों क़े फिटनेस सम्बन्धित बिंदुओं की जांच की गई। जांच क़े दौरान वाहनो में स्पीड गवर्नर ,रिफ़्लेक्टर, सेफ्टी ग्लास ,स्पीडोमीटर, पीयूसी सर्टिफिकेट, पार्किंगलाइट ,ब्रेकलाइट एवं अन्य सड़क सुरक्षा संबंधित जांच की गई, जिसमें 2 बसों का स्पीड गवर्नर, रिफ़्लेक्टर, इंडिकेटर, सेफ़्टी ग्लास टूटा हुआ व ख़राब पाया गया जिस पर नियम अनुसार चालानी कार्रवाई कर वाहन स्वामियों को नोटिस जारी कर बसों का फिटनेस रद्द कर दिया गया। ऑटो एवं बसों द्वारा लम्बे समय से परिवहन अधिकारी द्वारा चेतावनी देने के बावजूद भी बिना फ़िट्नेस, बिना परमिट के वाहन का संचालन किया जा रहा था, जिस सम्बंध में मोटर वीकल ऐक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई एवं इनके अलावा भी वाहन चालकों को एकत्र कर समझाइश भी दी गई कि बैठक क्षमता से अधिक सवारी न ढोएं। वाहन का बीमा फिटनेस , परमिट , प्रदूषण प्रमाण पत्र अद्यतन रखे। उक्त कार्रवाई में ज़िला परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा सहित, हीरालाल ध्रुव, एसके भास्कर एवं नगर सैनिक उपस्थित रहे।



## रतनपुर फॉरेस्ट रेंज की दुर्दशा, विभाग कर रहा अनदेखी

**रतनपुर।** रतनपुर फॉरेस्ट रेंज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। वन विभाग का हाल बेहाल है। विभाग की अनदेखी के कारण अब क्षेत्र में वन्यजीवों की धमक में भी कमी हो गई है। जंगल का क्षेत्रफल भी लगातार घट रहा है।

■ नदियों से हो रहा अवैध रेत उत्खनन

आज से महज 4 से 5 वर्ष पहले क्षेत्र में तेंदुओं की लगातार धमक थी। बिलासपुर वन मंडल में रतनपुर परिक्षेत्र की हरियाली यहां आने वालों का मन मोह लेता था। बानाबेल एवं पूडू के घने जंगल वन्यजीवों के लिए सुरक्षित आवास हुआ माना जाता था, लेकिन अब यह केवल कागजों में ही है। 4 से 5 वर्षों में आज रतनपुर के घने जंगलों के स्थान पर पेड़ों के ठूंठ शेष रह गए हैं। जहां पहले हरियाली एवं पक्षियों की चहचहाहट गूंजा करती थी वहां अब अतिक्रमण एवं मानवीय शोरगुल है। वन क्षेत्र की नदियों से अवैध रेत उत्खनन कर ले जाते हुए दर्जनों ट्रैक्टर देखे जा सकते हैं। बानाबेल परिवृत्त में 200 एकड़ क्षेत्र में अतिक्रमण की शिकायत हुई थी पर विगत दो वर्षों से जांच लंबित है। बानाबेल परिवृत में 3 वर्ष पुराने 300 एकड़ से अधिक सागौन पौधरोपण को साफ कर खेत बना लिया गया है। खैरा रतनपुर मेन रोड से लगे जंगल को महज 6 माह पूर्व उजाड़ कर दो दर्जन से अधिक झोपड़ीनुमा पक्के मकान बना लिए गए हैं। इस अतिक्रमण को आज तक नहीं हटाया गया है। छतौना के घने साल वृक्ष के क्षेत्र में अब इक्का-दुक्का ही साल वृक्ष दिखाई दे रहे हैं। खैरा से पूडू जाने वाले रोड किनारे के घने जंगल अब ठूंठ में परिवर्तित हो गए हैं। छतौना के कक्ष क्रमांक 2551 वन भूमि में अंधाधुंध अवैध कटाई कर जेसीबी मशीन द्वारा सफाई कर अतिक्रमण किया गया है। रतनपुर परिक्षेत्र में डेढ़ साल में ही 5 रेंजर बदल दिए गए हैं। ऐसे में रतनपुर क्षेत्र की बचीखुची हरियाली भी ज्यादा दिन तक नहीं रह पाएगी। जब तक विभाग जागेगा तब तक बहुत देर हो जाएगी।




### की जाएगी कार्रवाई

इस मामले को लेकर बिलासपुर डीएफओ संजय यादव का कहना है कि जल्द ही इस मामले में जानकारी लेकर कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूली छात्राओं ने प्रस्तुत किए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

# मल्हार पहुंची भारत संकल्प यात्रा, हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को मल्हार पहुंची जिसके लिए मेला चौक में नगर पंचायत मल्हार द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। उपस्थित अतिथियों ने इस संकल्प यात्रा के उद्देश्य को बताया जिसमे भाजपा के जिला मंत्री एस कुमार मनहर ने कहा कि पीएम मोदी ने विकसित भारत के लिए रोडमेप तैयार किया है इसके अलावा सरकार की सभी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करने के लिए यह यात्रा निकाली गई है। हिन्दू जागरण मंच संयोजक राजेश तिवारी ने अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के विराजमान होने की जानकारी देते हुए कहा कि सभी गांव व शहरों के मंदिरों में इस दिन विशेष रूप से पूजन करने की अपील की। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष सुरेंद्र सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कैवर्त, विजय अंचल, धर्मेंद्र कोसले, मंडल अध्यक्ष राजकुमार साहू, महामंत्री रंजीत सिंह, राजकुमार वर्मा, सुशील चौबे, धर्मेंद्र सिंह, दिलीप पांडेय, हेमंत तिवारी, सतीश वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार शेषनारायण गुप्ता ने किया।



### कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

कार्यक्रम में दो हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए जिन्होंने वक्ताओं को सुनने के साथ ही बच्चो के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाया। लोगों को प्रोजेक्टर के माध्यम प्रधानमंत्री का संकल्प यात्रा से संबंधित वीडियो दिखाए गए जिसको लोगों ने ध्यान से सुना। कार्यक्रम को प्रभावी व सफल बनाने के लिए नगर पंचायत के सीएमओ किरण पटेल ने अपनी टीम के साथ दो दिन पहले से लगे रहे। कार्यक्रम में नगरी निकाय के जेडी आफिस बिलासपुर से अनिल शुक्ला, मस्तूरी तहसीलदार एसके लहरे, भुनेश साहू, एसआर मरावी, मिथलेश श्रीवास, अर्जुन मानिकपुरी, बीपी निषाद, एनपी साहू, कमलेश साहू, कृषि विकास अधिकारी मनोज खांडेकर, जूनियर इंजीनियर भूमिका सिंह सहित सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## 15 वार्ड में भेजे गए पूजित अक्षत कलश



**पेंड्रा।** नगर में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा हेतु अक्षत कलश वितरण समारोह संपन्न हुआ जिस कड़ी में पेंड्रा नगर के 15 वार्ड में राम मंदिर उत्सव समिति के द्वारा अयोध्या राम मंदिर से पूजित अक्षत कलश वितरण किया गया। जगह जगह अक्षत का पुष्प वर्षा और आरती करके स्वागत किया गया। इस दौरान स्वामी कृष्ण प्रप्पन्नाचार्य जी महराज, पंडित उर्मिलिया महाराज ,अनिल सिंह ,पवन त्रिपाठी , हर्ष छाबरिया , सागर पटेल, नवीन विश्वकर्मा, प्रकाश साहू, श्रीकांत ताम्रकार, विनय पांडेय, प्रखर तिवारी, अंकित बुंदेला, बृजेश सोनी, रमाकांत जायसवाल,मोहन यादव, विमल मिश्रा, सरोज पवार, प्रिया त्रिवेदी,कंचन सिंह, संतोषी साहू एवम बड़ी संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे।